## न्यूज ब्रीफ

### बारातियों ने की मारपीट अंगूठी छीनने का आरोप

**छिबरामऊ।** औरैया जनपद के एरवा कटरा कुंडली निवासी राजेंद्र उर्फ सौरभ पुत्र तिलक सिंह शर्मा ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में बारात आई थी। आरोप है कि जयमाल के समय कुछ दबंग बारातियों ने उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गए। गांव के कुछ लोगों ने उन्हें होश में लाने का प्रयास किया। इस दौरान किसी ने उनकी जेब में रखे 15,000 रुपये और एक सोने की अंगूठी गायब कर दी।

### सड़क हादसे में ई-रिक्शा सवार दो महिलाएं घायल

**गुरसहायगंज।** कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा सवार दो महिलाएं घायल हो गई। चालक घटना को अंजाम देकर कार लेकर फरार हो गया था। ग्राम भुड़हा निवासी सुमित कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 06 फरवरी की शाम करीब 3 :40 बजे वह ई-रिक्शा से पत्नी पप्पी देवी व साली प्रीती देवी के साथ घर लौट रहा था। जैसे ही वह तेराजाकेट तालग्राम रोड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के सामने कार के चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। इससे ई-रिक्शा सवार दोनों महिलाएं घायल हो गई थी। उन्हें तालग्राम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जहां से दोनों को मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया गया था।

### डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत भतीजा घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** डीसीएम की टक्कर से ट्रैक्टर सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका भतीजा घायल हो गया था। मृतक के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम गौहना खेड़ा निवासी स्वामी शरन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका 35 वर्षीय भाई विश्राम सिंह व भतीजा पवन गुरुवार की रात लगभग 08 बजे छिबरामऊ से ट्रैक्टर पर सवार होकर गांव लौट रहे थे। तभी हाईवे के इस्माइलपुर स्थित कट पर मिनी ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी थी। इससे ट्रेक्टर सवार पवन व विश्राम सिंह घायल हो गए थे। घायलों को आनन फानन जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सक ने विश्राम सिंह को मृत घोषित कर दिया था। घायल पवन का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### जमीन विवाद में मारपीट,पुलिस से की गई शिकायत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के ग्राम अतरौली में 7 फरवरी को दोपहर करीब 3 बजे जमीन विवाद के कारण मारपीट हुई। प्रनीत कुमार पुत्र चंद्रप्रकाश तिवारी ने बताया कि वह अपनी पत्नी सुनीता देवी और बच्चों के साथ अपनी जमीन में नहर (निहास) खोदने गए थे। वहां गोबर और कंडे पड़े देखे, जो आधी खोदी गई नहर में रखे गए थे। पूछताछ की तो एक व्यक्ति ने उनका फावड़ा-बेलचा छीन लिया और धक्का-मारकर लात-घूंसे से हमला कर दिया। बीच-बचाव में पत्नी और बच्चों को भी गंभीर चोटें आईं। बताया कि गांव के प्रधान भगवान सरन के कहने पर यह नहर खडंजा बंधाने के लिए खोदी गई थी, लेकिन उसने काम रुकवा दिया। घायलों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख में इलाज चल रहा है। प्रनीत पुलिस से शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# नामी स्कूल आरटीई में प्रवेश देने में करते आनाकानी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी हुआ आरटीई का पंपलेट। अमृत विचार

- लॉटरी निकलने के बाद भी अभिभावकों को करते हैं परेशान
- सभी पात्रों को नहीं मिलता कॉन्वेंट विद्यालयों में पढ़ने का लाभ

**05** हजार रुपये स्कूलों को मिलते हैं फिस के अलावा | **2009** में लागू हुआ था अधिनियम

**अमृत विचार।** जनपद के कई नामीगिरामी स्कूल ऐसे हैं जो गरीब बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 में पात्र होने के बाद भी एडमीशन नहीं देते हैं। किसी तरह अगर प्रवेश कर भी लेते हैं तो उनको अलग कक्षाओं में बैठा देते हैं। कुछ ने तो विद्यार्थियों को फेल तक कर दिया। इसकी शिकायत तो समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण से हुई थी।

पहले चरण में आरटीई के तहत ऑनलाइन आवेदन का समय चल रहा है। आवेदन के बाद जांच होगी। उसके बाद लॉटरी निकाली जाती है। जिन बच्चों को स्कूलों का आवंटन होता है वहां पर उनको प्रवेश देने में परेशान किया जाता है। भले ही दुर्बल व अलाभित समूह के लिए यह योजना निःशुल्क है लेकिन इसके एवज में स्कूल संचालकों को सरकार फीस देती है। साथ ही योजना में शामिल विद्यार्थियों को पुस्तकों व यूनिफार्म के लिए 05- 05 हजार रुपये भी मिलते हैं। पिछले साल भी आरटीई में पात्र पाए गए कुछ बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश न देने की शिकायतें कुछ बीईओ के पास पहुंचीं थीं। उसके बाद भी आरोपी विद्यालय संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं समाज कल्याण मंत्री के पास शिकायत पहुंची थी कि शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल व कन्नौज पब्लिक स्कूल में निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के तहत प्रवेश पाए बच्चों को अलग बैठाया जाता है। इसमें से एक स्कूल ने तो ऐसे बच्चों को परीक्षा में अनुत्तीर्ण तक कर दिया। हालांकि इसमें कोई खास कार्रवाई जिम्मेदारों की ओर से नहीं की गई।

#### फर्जी प्रपत्रों के आरोप में एफआईआर जरूर दर्ज

शहर के जागरण पब्लिक स्कूल में प्रवेश पाए दो बच्चों के अभिभावक के खिलाफ फर्जी जन्म प्रमाण पत्र लगाकर सीट प्राप्त करने के आरोप में एफआईआर जरूर हो गई थी। इसका संज्ञान मंत्री व आलाधिकारी तक ने लिया था। बीईओ सदर ने आरोपी के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा। इसको लेकर चर्चा है कि जब जरूरतमंदों को स्कूल संचालक परेशान करते हैं। आरटीई के तहत प्रवेश पाए बच्चों को अलग बैठाते हैं और फेल करते हैं उनके खिलाफ अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

# अवैध स्कूल भवन की जांच व गिराने की मांग

संवाददाता, छिबरामऊ


एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू महात्मा टिकैत के लोग। अमृत विचार

- धरना-प्रदर्शन कर किसान नेताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** तहसील पहुंचे भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) ने विरोध प्रदर्शन करते उप-जिलाधिकारी को दो ज्ञापन सौंपे।

पहला ज्ञापन गुरसहायगंज क्षेत्र के रामगंज स्थित एजुकेशन सेंटर के अवैध तीन मंजिला भवन में पढ़ने वाले करीब 1100 नाबालिग बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा है। आरोप है कि भवन बिना स्वीकृत नक्शे, सीएलयू (धारा 143), एनओसी और नेशनल बिल्डिंग कोड प्रमाण-पत्र के बनाया गया। अवैध अंडरग्राउंड तहखाने पर तीन मंजिल खड़ी की गई, जो अग्नि सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और निर्माण नियमों का घोर उल्लंघन है। घटिया सामग्री और अवैज्ञानिक ढांचे से भवन किसी भी समय ढह सकता है, जिससे बच्चों की जान खतरे में है। भाकियू ने तत्काल स्वतंत्र जांच, अवैध निर्माण ध्वस्त करने, स्कूल की मान्यता रद्द करने, संचालन पर रोक तथा दोषी प्रबंधन व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की हैं।

वहीं दूसरे ज्ञापन में किसानों-गरीबों की समस्याएं उठाकर शीघ्र जांच और कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी कि देरी होने पर उच्च न्यायालय और राज्य मानवाधिकार आयोग का रुख किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष इरशाद अली, जिला अध्यक्ष मकबूल अहमद, जिला प्रभारी नीरज दुबे, मंडल उपाध्यक्ष अकबर खान, अमन खान, रजाउल अली, आमिर खान, प्रशांत गौतम, गगन श्रीवास्तव, मो. फहीम अहमद, दानिश अली, इमरान खान, शाहरुख खान, हिर्देश दुबे आदि मौजूद रहे।

# प्रधान के ससुर की फर्म को भुगतान,खाता चला रहे पति

## जांच के बाद डीएम ने जारी किया सकरीखुर्द की महिला प्रधान को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीपीआरओ ने ब्लॉक सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सचिव से भी जवाब-तलब किया

**अमृत विचार।** डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सकरी खुर्द की प्रधान रिचा कटियार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आरोप है कि उन्होंने ससुर के नाम की फर्म को लाखों रुपये का भुगतान किया है। फर्म के खाते का संचालन प्रधान के पति करते हैं। मामले में डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत सचिव से जवाब- तलब किया है।

प्रधान को जारी नोटिस में कहा गया है कि आरोपों की जांच ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के एक्सईएन व जिला समाज कल्याण अधिकारी से कराई गई है। इसमें जिक्र है कि जिस फर्म रामस्वरूप ट्रेडर्स एवं सप्लायर्स को भुगतान किया गया है वह प्रधान के ससुर के नाम पर है। एकाउंट होल्डर प्रधान रिचा कटियार के पति निर्मल कटियार हैं। इस आरोप से बचाव संबंधित कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए। कहा गया है कि फर्म का जीएसटी नंबर साक्ष्य के लिए लगाया गया है। आरोप यह भी है कि ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम अब्दुलपुर सकरी में लगभग 60 बीघा सार्वजनिक जमीन (रेत बालू) है। प्रधान के मौखिक निर्देश पर गांव के लोग कटरी क्षेत्र में गेहूं की बुवाई करते हैं। फसल पक जाने पर ग्रामीण गेहूं अपने पास रख लेते हैं और जो भूसा बचता है वह सकरीखुर्द की गोशाला में पहुंचाते हैं। जांच अधिकारियों को यह बयान ग्रामीणों ने लिखित दिया है। दूसरी ओर मौके पर गोशाला को प्राप्त भूसा आदि से संबंधित अभिलेख नहीं प्रस्तुत किए गए। उनके प्रतिनिधि पति ने रजिस्टर के रखरखाव से ही मना कर दिया। जिलाधिकारी ने इस बारे में एक पक्ष (15 दिन) में नोटिस का स्पष्टीकरण साक्ष्य समेत डीपीआरओ के जरिए मांगा है। जवाब न देने या संतोषजनक नहीं होने पर पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ) के तहत विभागीय कार्रवाई होगी। बीडीओ को निर्देश हुए हैं कि नोटिस रिसीव कराकर प्राप्ति रसीद डीपीआरओ को दिया जाए। सकरीखुर्द की ग्राम पंचायत सचिव संध्या यादव को भी डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने इसी मामले में कारण बताओ नोटिस भेजा है। इस नोटिस को रिसीव कराने की जिम्मेदारी एडीओ पंचायत को दी गई है।

### पहले दिन खेलकूद में लक्ष्मी, काजल, अमन व आशीष चमके

**कन्नौज।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में दो दिवसीय 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरू हो गईं। विगत वर्ष के छात्र चैंपियन अमन, छात्रा चैंपियन लक्ष्मी एवं भारोत्तोलन चैंपियन गोविंद कुमार ने मशाल दौड़ लगाई। पहले दिन छात्राओं की 100 मीटर दौड़ में लक्ष्मी प्रथम, निधि द्वितीय रहीं। 200 मीटर दौड़ में लक्ष्मी प्रथम, चांदनी द्वितीय रहीं। डिस्कस थ्रो में काजल बानो प्रथम, निधि द्वितीय रहीं। शॉट फुट थ्रो में लक्ष्मी प्रथम, काजल बानो द्वितीय आईं। जैवलिन थ्रो में काजल बानो प्रथम, अंशिका द्वितीय रहीं। छात्रों की 100 मीटर दौड़ में अमन प्रथम, अफरोज द्वितीय, 800 मीटर दौड़ में अफरोज प्रथम, सचिन द्वितीय, ऊंची कूद में अफरोज और आदिल हुसैन प्रथम, अमन द्वितीय रहे। 200 मीटर दौड़ में अमन प्रथम, फैजान द्वितीय, शॉट पुट थ्रो में आशीष सिंह प्रथम, अरुण द्वितीय, हैमर थ्रो में आशीष सिंह प्रथम, सुधीर कुमार द्वितीय, डिस्कस थ्रो में आशीष सिंह प्रथम, अरुण द्वितीय, जैवलिन थ्रो में अरुण प्रथम, आशीष दूसरे स्थान पर रहे।


सदर ब्लॉक सभागार में बीईओ मधुलिका बाजपेई से जानकारी करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अर्पित कुमार। अमृत विचार

# कोई भी मतदाता समाधान के बिना वापस नहीं लौटे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/जलालाबाद

**अमृत विचार।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के नोटिस सुनवाई प्रक्रिया का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अर्पित कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने ब्लॉक सदर परिसर में कन्नौज एवं जलालाबाद के सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए।

सोमवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि सुनवाई के दौरान सभी नामित अधिकारी समय से उपस्थित रहें। सुनवाई स्थलों पर आने वाले मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही हेल्प डेस्क की स्थापना की जाए। कहा कि मतदाता दूर दराज से आते है, यह तय करें कि किसी को खाली हाथ लौटना न पड़े।

दोनों ब्लाकों के एडीओ पंचायत को निर्देश दिए कि परिवार रजिस्टर की नकल तत्काल जारी करें। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा व बीईओ मधुलिका बाजपेई मौजूद रहे। जलालाबाद में एडीओ पंचायत लक्ष्मी राज यादव व अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### कार्डियोलॉजी संचालन को विधायक ने सीएम को लिखा पत्र

**तिर्वा, कन्नौज।** भीमराव रामजी अंबेडकर राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में बने हृदय रोग अस्पताल के संचालन के लिए विधायक कैलाश राजपूत ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। विधायक ने अस्पताल संचालन के लिए आवश्यक चिकित्सकीय व तकनीकी पदों के सृजन की मांग की है।

विधायक ने बताया कि मेडिकल कॉलेज परिसर में बनी कार्डियोलॉजी में भवन, उपकरण और आधारभूत व्यवस्थाएं लगभग पूरी कर ली गई हैं, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों, सर्जनों और अन्य स्टाफ के पद सृजित न होने से संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। जल्द ही आवश्यक पदों का सृजन कर नियुक्तियां कर दी जाती हैं तो क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के जिलों के लोगों को भी हृदय रोग से संबंधित उपचार के लिए दूर-दराज के शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। विधायक ने कहा कि वह लगातार शासन स्तर पर इस विषय को उठा रहे हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


खिलाड़ियों का स्वागत करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### क्रिकेट मैत्री मैच में बार एकादश बना विजेता

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सेंट पॉल स्कूल के मैदान पर बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित मैत्री क्रिकेट मैच में छिबरामऊ बार एकादश ने कोर्ट टाइगर्स एकादश को 1 विकेट से पराजित किया। विजेता टीम का बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जीतू श्रीवास्तव ने अपने चैंबर में स्वागत एवं अभिनंदन किया।

सोमवार को बार एसोसिएशन के महासचिव ललित प्रताप सिंह को कोच की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जीतू श्रीवास्तव एवं संजीव श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। प्रणव सक्सेना और गौरव अमर त्रिपाठी का भी माल्यार्पण किया गया। बार एकादश टीम में शुभम दुबे (कप्तान), प्रदीप सिंह (उपकप्तान), देवेंद्र वर्मा, अंकुर सिंह, अभिषेक शाक्य, ओसामा जमा खान, अभिषेक दुबे, तनु हजेला, सौरभ हजेला, अंकित हजेला, सौरभ ठाकुर, सचिन शाक्य, सुमित यादव, कपिल तिवारी और संजीव शाक्य शामिल थे। इस अवसर पर राजीव हजेला, रोहित सक्सेना, अनुज यादव, राजीव मोहन, अजय पाण्डेय, स्नेहलता गुप्ता, प्रतीक चौहान सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# एप पर बेहतर काम करने वाले आठ बीएलओ होंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूची 2026 का मामला

**अमृत विचार।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन- 2026 के लिए मतदाता सूची व वोटर बनाने के लिए बीएलओ ऐप का सर्वाधिक प्रयोग करने वाले 08 बूथ लेवल अधिकारी का चयन किया गया है। इसमें पहला पुरस्कार 10 हजार रुपये, दूसरा 08 हजार व तृतीय पुरस्कार 06 हजार रुपये का मिलेगा। सांत्वना पुरस्कार में कुल 05 बीएलओ को 03- 03 हजार प्रोत्साहन राशि मिलेगी। बताया गया है कि एप पर ही 50 फीसदी से अधिक काम करने वाले बीएलओ का चयन किया गया है। इनकी सूची निर्वाचन आयोग से भेजी गई है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि प्रथम पुरस्कार छिबरामऊ के लड़ैता के बीएलओ रोहित कुमार (मतदान केंद्र पीएस मोहन नगला) को मिलेगा। द्वितीय पुरस्कार कुंवरपुर बनवारी के अटल बिहारी दीक्षित (मतदान केंद्र पीएस कुंवरपुर बनवारी) को व तालग्राम के ऊंचा के संजय कुमार (मतदान केंद्र पीएस बनियानी) को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। सांत्वना पुरस्कार में उमर्दा के उमरन से सचिन कांत कमल (मतदान केंद्र पीएस उमरन), मलगवां के राजकुमार (मतदान केंद्र पीएस मलगवां), चंदियापुर के सूरज प्रताप सिंह (मतदान केंद्र पीएस चंदियापुर), ठठिया के विश्राम सिंह (कन्या पीएस ठठिया) व बेलामऊ सरैया के चंद्रशेखर (पीएस बेलामऊ सरैया नवीन भवन) शामिल हैं।


बिनीत कटियार।

# मदरसा शिक्षा परिषद की पहली पाली में 39.57 फीसदी परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले के सात केंद्रों पर शुरू हुईं मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं
- दोनों पालियों में कुल 775 छात्र छात्राएं शामिल नहीं हुए

**अमृत विचार।** जिले के 07 केंद्रों पर मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पहली पाली में सेकेंडरी की परीक्षा में पंजीकृत 1726 परीक्षार्थियों में 1043 शामिल हुए और 683 गैरहाजिर रहे। कुल उपस्थिति 60.43 व अनुपस्थिति 39.57 फीसदी रही। दूसरी पाली में सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा में पंजीकृत 411 परीक्षार्थियों में से 319 शामिल हुए जबकि 92 ने परीक्षा छोड़ दी। कुल उपस्थिति 77.62 और अनुपस्थिति 22.38 प्रतिशत रही।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का कहना है कि 14 फरवरी तक दो पालियों में चलने वाले इम्तिहान में कुल 2137 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। डीएम की ओर से तीनों एसडीएम सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित हैं। उन्होंने बताया कि नकल रोकने के लिए डीआईओएस पप्पू सरोज, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है। पहले दिन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया।


मदरसा बोर्ड की परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

# फिल्म थर्सडे स्पेशल में बुजुर्ग दंपति की कहानी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शहर की गलियों, विकास भवन व पुलिस लाइन में हुई है शूट

**अमृत विचार।** जिले में शूट की गई हिन्दी फिल्म थर्सडे स्पेशल रिलीज हो चुकी है। इसमें बुजुर्ग दंपति की कहानी है। साथ ही स्थानीय कलाकार भी शामिल हैं। जिसे विकास भवन, बीएसएनएल संचार निगम व पुलिस लाइन में शूट किया गया है। सोमवार को शहर के एक गेस्ट हाउस में फिल्म को दिखाया गया। इसके बारे में प्रवीण टंडन ने बताया कि फिल्म के निर्देशक पुत्र वरुण टंडन हैं जिनको राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। राम और शकुंतला नाम के बुजुर्ग दंपति की कहानी इसमें दिखाई गई है और हर गुरुवार को थर्सडे स्पेशल के रूप में बेहतर भोजन पत्नी घर पर बनाती है। प्रवीण टंडन ने बताया कि फिल्म को अलग- अलग समारोह में 25 से अधिक पुरस्कार मिल चुके हैं। फिल्म को दो फिल्मकार शूजित सरकार ने बनाया है जिन्होंने पीकू, विक्की डोनर फिल्म बनाई है। साथ ही उड़ान, लुटेरा व सेक्रेड गेम्स जैसी चर्चित कृतियां रचने वाले विक्रमादित्य मोटवाने ने कहानी रची है। फिल्म में सरायमीरा व चूड़ी वाली गली का भी दृश्य है जो हर जगह मशहूर है। स्क्रीनिंग के दौरान स्थानीय कलाकार रामचरण कश्यप सुल्लू, शिवमंगल सिंह व गोपाल सैनी भी मौजूद रहे। फिल्म यू-टयूब पर ह्यूमन ऑफ सिनेमा चैनल पर है।

बैठक | अपराधी दोष मुक्त न हों, निर्दोष को दोषी न ठहराया जाये

# गंभीर अपराधियों को सजा दिलाने को विशेष पैरवी करें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



बैठक के दौरान मौजूद एडीएम, एएसपी व अभियोजन के अधिवक्ता। अमृत विचार

- एडीएम, एएसपी ने अभियोजन एवं कानून व्यवस्था संबंधित समीक्षा बैठक ली

**अमृत विचार।** अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिये एडीएम व एएसपी ने अभियोजन एवं कानून व्यवस्था संबंधित समीक्षा बैठक ली। इस दौरान कहा कि प्राथमिकता के आधार पर गंभीर अपराधियों को सजा दिलाने के लिये विशेष पैरवी की जाये।

सोमवार को अपर जिला अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने एएसपी अजय कुमार के साथ कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में बैठक के दौरान कहा कि प्राथमिकता के आधार पर गंभीर अपराधियों को सजा दिलाने के लिये पैरवी की जाये। बच्चों एवं महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में दोषियों को सजा दिलाये जाने के लिये भी विशेष पैरवी करें। जिन मामलों में समाज पर सीधा असर पड़े, ऐसे प्रकरणो में प्राथमिकता के साथ पैरवी की जाये। अपर जिला अधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक ई-सम्मन जारी किये जाए।

अपराधी दोष मुक्त न हो और निर्दोष को दोषी न ठहराया जाये। कहा कि 05 वर्ष से अधिक समय से लम्बित मुकदमों की पैरवी प्राथमिकता के साथ की जाएं। एससी/एसटी के समझौते वाले ऐसे प्रकरण का विवरण तैयार कर धनराशि रिकवरी की जाएं। उन्होंने कहा कि सीएम डैश बोर्ड पोर्टल पर अभियोजन द्वारा समय से फीडिंग कराई जाएं। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, डिप्टी कलेक्टर नवनीता राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# साराजोड़ी कपड़े न लाने से पिता ने किया शादी से इंकार

संवाददाता, जसोदा (कन्नौज)

- वर पक्ष ने डायल 112 पुलिस को दी सूचना

**अमृत विचार।** बारात में मांगलिक कार्य का दौर चल रहा था। इसी दौरान साराजोड़ी के कपड़े न निकलने पर वधू पक्ष के लोग भड़क गए और दोनों पक्षों में गरमागरमी होने लगी। इस पर वधू पिता ने शादी से इंकार कर भांवरें नहीं होने दी। देर रात से दोपहर तक समझौता का प्रयास चलता रहा।

रविवार को छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव के बैजू रामपुर निवासी अनिल पुत्र राजू चक्रवर्ती की बारात ब्लाक जलालाबाद के ग्राम बैसावारी निवासी मुकेश चक्रवर्ती की पुत्री प्रियंका के यहा आई थी। शादी समारोह का आयोजन ग्राम स्थित गेस्ट हाउस में चल रहा था। नाश्ता, खाना व जयमाल के बाद शादी में भाइयों के लिए साराजोड़ी के कपड़े कम निकलने पर लड़की के पिता भड़क गए और शादी करने से इनकार कर दिया। दोनो पक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे। देर रात से सोमवार दोपहर 12 बजे तक समझौते का दौर चलता रहा लेकिन पिता अपनी जिद पर अड़ा रहा। वहीं वर पक्ष के लोगों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों सहित दोनों पक्षों को समझा बुझाकर कर शांत कराया। बाजार से साराजोड़ी के कपड़े मंगवाने के बाद पिता शादी को तैयार हुए। शाम लगभग 06 बजे भांवरें पड़ने के बाद दुल्हन की विदाई की गई।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# प्रेमी के साथ मिलकर पति को कुल्हाड़ी से काटा

## वारदात को अंजाम देने के बाद महिला पुत्री व प्रेमी के साथ घर से फरार, पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार ।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव पड़ियापुर में सोमवार सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई। यहां पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर ट्रक ड्राइवर पति की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह अपनी दो साल की बेटी को लेकर फरार हो गई। सुबह जब उसके पिता घर पहुंचे तो जानकारी हुई। खोजबीन करने के बाद मृतक की पत्नी नही मिली। उन्होंने इस हादसे की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। छानबीन के दौरान बरामदे में खून से सनी कुल्हाड़ी भी बरामद हुई है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने प्रेम प्रसंग को हत्या की वजह बताया है। आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।



घटना स्थल का निरीक्षण करती पुलिस व रणवीर इनसेट में। अमृत विचार

उक्त गांव निवासी रणवीर 40 अपनी पत्नी व बच्चों के साथ गांव के बाहर बने मकान में रहता था। जबकि उसके पिता व अन्य लोग गांव में बने पुराने मकान में रहते थे। रणवीर ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वह रविवार को ही घर आया था। सोमवार की सुबह करीब सात बजे उसके पिता लाखन सिंह घर पहुंचे तो खून से लथपथ शव देख उनके होश उड़ गए। चेहरे व गर्दन पर कुल्हाड़ी के कई निशान थे और आसपास खून फैला हुआ था। आरोप है कि देर रात पूजा ने अपने प्रेमी को बुलाया और दोनों ने मिलकर रणवीर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जान बचाने के लिए रणवीर बरामदे की ओर भागा, लेकिन आरोपियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और कुल्हाड़ी ने प्रहार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद पूजा अपने प्रेमी के साथ दो वर्षीय बेटी को लेकर फरार हो गई।

सूचना पर एसपी देहात श्रीशचंद्र, प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह आदि ने मौके पर पहुचकर जांच पड़ताल की। पिता ने बताया कि रणवीर ट्रक चलाता था, कई कई दिन घर से बाहर रहता था, उसकी गैर मौजूदगी में मैं घर के बाहर सोता था, रविवार को पुत्र के घर आने पर पूजा से झगड़ा शुरू कर दिया और मुझे घर जाने के लिए कहा तो मैं गांव में बने घर चला आया।

बताया गया कि गांव पड़ियापुर निवासी रणवीर सिंह यादव 40 वर्ष ट्रक चालक था, उसकी शादी वर्ष 2019 में मथुरा के वृंदावन निवासी पूजा (38) से हुई थी। शादी के एक साल बाद ही दंपति के बीच विवाद शुरू हो गया। पूजा गर्भवती होने के दौरान मायके चली गई थी और करीब तीन साल बाद वापस लौटी। इसके बाद भी विवाद बना रहा। पंचायत में समझौते के बाद दोनों गांव से करीब 700 मीटर दूर स्थित खेत में बने अलग मकान में रहने लगे। परिजनों के अनुसार पूजा का गांव के ही युवक से पिछले दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात को लेकर पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था। मृतक की दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी लक्ष्मी (5) जन्म से ही ननिहाल मथुरा में रहती है, जबकि दो वर्षीय छोटी बेटी माता-पिता के साथ रहती थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट है।

एएसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र ने बताया कि भरथना क्षेत्र के ग्राम पड़ियापुर में एक व्यक्ति की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर उच्चाधिकारीगण एवं थाना भरथना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया । मृतक की पहचान रणवीर सिंह 45 निवासी ग्राम पड़ियापुर के रूप में हुई है। घटना के संबंध में आवश्यक साक्ष्य संकलन हेतु फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके पर कार्यवाही की गयी है । शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

# कार की टक्कर से साइकिल सवार 8 वर्षीय बालक की मौत

संवाददताता बसरेहर इटावा

• कार के बोनट में फंस जाने से आधा किलोमीटर दूर तक फंसा रहा

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटावा बरेली हाईवे पर रविवार की शाम को साइकिल से आ रहे एक आठ साल के बच्चे को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बालक कार के बोनट में फंसकर करीब पांच सौ मीटर तक चला गया। लेकिन कार चालक ने कार को नहीं रोका। बाद में कार को लहराकर बच्चे को गिराकर चालक कार लेकर भाग निकला। लेकिन तब तक बालक की मौत हो चुकी थी।

जानकारी के अनुसार अमृत पुर निवासी अवनीश कुमार का आठ वर्षीय पुत्र रितिक साइकिल से खेतों से लौटकर अपने घर जा रहा था । जैसे ही वह अमृतपुर मंदिर के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया चश्मदीदों ने बताया की टक्कर के बाद बच्चा बोनट पर ही फंस गया । लेकिन कार चालक ने कार रोकने की बजाय रफ्तार बढ़ा दी करीबन आधा किलोमीटर बाद कार लहराने पर बच्चा नीचे गिरा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी । हादसे की खबर मिलते ही रितिक के परिवार में चीख पुकार मच गई। मासूम की मौत से माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है । घटना के बाद आरोपी चालक कार सहित मौके से फरार होने में कामयाब रहा है । स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी जिसके बाद बसरेहर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये इटावा भेज दिया । वहीं पुलिस ने मामले की गंभीरता को लेते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपी चालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की बात कही है। साथ ही कहा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

**भरथना ।** सोमवार की दोपहर करीब साठ वर्षीय वृद्ध महिला रेलवे क्रॉसिंग पार कर रही थी तभी डाउन लाइन पर इटावा की ओर से आ रही सीमांचल एक्सप्रेस की चपेट में आ गई। महिला का शव ट्रेन के इंजन में फंस गया। ट्रेन करीब आधा किलोमीटर दूर जाकर रुकी। जिसके बाद महिला के शव को इंजन से निकालर करीब पच्चीस मिनट बाद दोपहर 12 बजकर 46 मिनट पर ट्रेन अपने गंतव्य की ओर रवाना हो सकी। शाम तक वृद्धा की शिनाख्त नहीं हो सकी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बसरेहर ।** बसरेहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राहिन रोड पर रविवार की देर शाम बसरेहर से बाजार कर घर लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई भेजा गया है। मनोज कुमार बाजार कर अपने घर लौट रहा था तभी बादरीपूठ बंबा पुलिया के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल अवस्था में पड़ा देख 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल पड़े मनोज को बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। उसकी हालत गंभीर होने के कारण पीजीआई रेफर कर दिया गया।

### कार ने आटो में मारी टक्कर, दो घायल

**बकेवर ।** ग्राम नगला शुक्ल निवासी आटो चालक राम किशोर सोमवार की दोपहर महेवा से सवारी लेकर बकेवर जा रहा था जैसे ही वह आटो लेकर व्यासपुर मोड़ के सामने पहुंचा तभी बकेवर की ओर से तेज गति से आ रही कार ने आटो में टक्कर मार दी। हादसे में आटो चालक राम किशोर, इकरार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ट्रक की टक्कर से घायल युवती की इलाज के दौरान मौत

**ताखा ।** प्रिया 19 निवासी पुरैला बुधवार को अपने ही गांव के अनुज के साथ बाजार करने के लिए गई थी। इस हादसे में अनुज की मौत हो गई तथा प्रिया व एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गई थी। चार दिन तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद रविवार रात को प्रिया ने भी दम तोड़ दिया। सोमवार को प्रिया के भाई अवधेश कुमार की बारात जानी है।

### ट्रेन में जहरखुरानी का शिकार हुए दो यात्री

**इटावा ।** मुरी एक्सप्रेस से वैष्णों देवी के दर्शन कर लौट है दो यात्रियों को जहर खुरानों ने ट्रेन में नशीला पदार्थ खिला दिया और नकदी सहित कीमती सामान लूट कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार सुरेश साहू निवासी झारखंड व प्रदीप निवासी झारखंड परिजनों के साथ वैष्णों देवी के दर्शन करने गए थे और वह मुरी एक्सप्रेस से वापस लौट रहे थे रास्ते मे कुछ लोग अपने आपको पूर्व सैनिक बताकर सीट पर बैठ गए। जहरखुरानों ने ट्रेन में सुरेश साहू व प्रदीप साहू को नशीला पदार्थ खिला दिया जिससे दिनों बेहोश हो गए। इसी कोच में बैठे उनके भतीजे उत्तम साहू ने इटावा के पास देखा तो दोनों बेहोश थे। वह उन्हें लेकर इटावा रेलवे स्टेशन पर उतरा और घटना की जानकारी थाना आरपीएफ में दी। भतीजे उत्तम ने बताया कि जहरखुरान उनके चाचा के पास से 15 हजार रुपये नकद, एक सोने का लाकेट, एक चांदी की जंजीर, एक कम्बल और मोबाइल लूट ले गए।

### मारपीट में तीन महिलाएं घायल

**इटावा ।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में तीन महिलाएं घायल हो गईं । थाना बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत किल्ली निवासी जयदेवी पत्नी दयाराम को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना चकरनगर क्षेत्र के अंतर्गत कन्धेसी घार निवासी लाली पत्नी भोले को गांव में दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत शांति कालोनी निवासी नारायण देवी पत्नी अन्नू को दबंगों ने मोहल्ले में मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन घायलों को जिला अस्पताल लेकर आये जहां डॉक्टरों ने उनका परीक्षण किया।

# 12 फरवरी को होने वाली हड़ताल में भाग लेंगी आशाएं

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार ।** आशा कर्मचारी यूनियन की जिला कमेटी बैठक जिला कार्यालय पर हुई । जिसमें 12 फरवरी को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, फेडरेशनों के आह्वान पर होने वाली हड़ताल में आशाओं के भुगतान में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने, नियमित भुगतान कराने, कर्मचारी का दर्जा ,26 हजार रुपया मानदेय ,रिटायर होने पर कम से कम 10 लाख रुपया एक मुस्त भुगतान ,फंड ,बोनस ,बीमा, छुट्टियां, चारों श्रम संहिताओं को रद्द कर पूर्व के 29 श्रम कानूनो को बहाल करने आदि मुद्दे होंगे।

आशा कर्मचारी यूनियन की प्रदेश और जिला मंत्री संगीता कश्यप ने बताया कि हड़ताल में जाने से उच्च अधिकारी आशाओं ,संगिनियों को रोकने के लिए सभी ब्लॉकों में अधिकारियों को भेज कर



हड़ताल को लेकर कार्यालय पर बैठक करती आशाएं

• जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में लिया गया निर्णय

हड़ताल में जाने से रोका जा रहा है । उन्होंने कहा की हड़ताल हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हड़ताल किसी अधिकारी के खिलाफ नहीं है। इसलिए हड़ताल में बड़ी से बड़ी तादात में आशाएं भाग लेंगी । यूनियन के प्रांतीय उपाध्यक्ष अमर सिंह शाक्य ने कहा कि हड़ताल केंद्र व राज्य सरकार के समक्ष मांगों को रखने के लिए है। इसलिए सभी आशाओं को हड़ताल में पूरी ताकत के साथ भाग लेने की अपील की ।

बैठक की अध्यक्षता शकुंतला देवी संचालन सुमित्रा ने किया । बैठक में शशि देवी, रजनी ,विजय देवी, ओम कांति, सत्यवती , प्रेमलता, क्षमा देवी, वैशाली चौहान सहित बड़ी संख्या में आशाओं ने भाग लिया।

# पुलिया टूटी होने के चलते बम्बे में गिरा बाइक सवार

**भरथना ।** कस्बे के पाली बम्बा चौराहे के पास निमन्त्रण खाकर अपने गांव जा रहे बाइक सवार को पाली बम्बा चौराहे पर एक ऑटो ने कट मार दिया। जिससे बाइक सवार संतुलन खो बैठा और पुलिया टूटी होने के चलते बाइक समेत बम्बे में जा गिरा।

पाली खुर्द निवासी विनोद पुत्र राजन सिंह कस्वा के मोहल्ला राजागंज स्थित एक मैरिज होम से निमन्त्रण खाकर अपने घर वापस जा रहे तभी पाली बम्बा चौराहे पर बनी पुलिया पर एक ऑटो ने उन्हें कट मार दिया। जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सवार विनोद बाइक समेत बम्बे में जा गिरे। स्थानीय निवासियों तथा राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए बाइक चालक तथा बाइक को बम्बे से बाहर निकाला . उक्त घटना में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी तथा बाइक चालक को भी चोटें आई हैं।

# समस्या : दलदल में तब्दील हुई सड़क ग्रामीणों का चलना हुआ मश्किल

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार ।** तहसील क्षेत्र के गांव भानपुर सरायचौरी की सड़क दलदल में तब्दील हो चुकी है। गांव के लोगों को इसी दलदल युक्त सड़क से होकर गुजरना पड़ रहा है। गांव के लोगों ने सड़क बनवाने के लिए अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने शीघ्र सड़क निर्माण कराये जाने की मांग की है।

गांव भानपुर, सराय चौरी के करीब आधा सैकड़ा ग्रामीण एकजुट होकर सामने आये और खराब सड़क को लेकर आवाज उठाई है। .ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर जलनिकासी की व्यवस्था तथा नाली ना होने की वजह से सड़क दलदल में तब्दील हो चुकी है. ग्रामीण कीचड़ के बीच से गुजरते है. जिसके चलते कई बार स्कूली बच्चे



सड़क पर भरे कीचड़ से गुजरते ग्रामीण। अमृत विचार

तथा वृद्ध गिरकर चोटिल हो चुके है। सड़क की दयनीय हालत ग्रामीणों के लिए अभिशाप बनी हुई है, ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार लिखित शिकायत करने तथा ग्राम प्रधान से कहने के बावजूद भी सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है।

ग्रामीण रणवीर सिंह महेश चंद्र साधु सिंह रोहित यादव ने बताया कि कई बार शिकायत भी कर चुका हूं और ग्राम प्रधान से उक्त सड़क निर्माण की मांग भी रखी है लेकिन सड़क निर्माण अभी तक नही हो सका है। समस्या बड़ी है लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा हर बार टरकाने का काम किया जाता है। जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं । चुनाव के समय जन प्रतिनधि आते है उसके बाद चैन की नींद सोते है. कोई सुध लेने वाला नहीं है। गांव के लोगों ने जिले के अधिकारियों से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों ने मेडिकल संचालक को पीटा

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार ।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत जिला अस्पताल के बाहर स्थित एक मेडिकल पर नशे का इंजेक्शन न देने पर गुस्साए इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने मेडिकल संचालक के साथ मारपीट की। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो छात्रों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है। घटना को लेकर कालेज के अधिष्ठाता ने एक जांच कमेटी का गठन किया है।

इंजीनियरिंग कालेज के छात्र अस्पताल के सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर पर नशे का इंजेक्शन लेने आये थे। जिसको बिना डॉक्टर परामर्श के देने से मेडिकल संचालक ने इंकार कर दिया । इस पर गुस्साए छात्रों ने दबंगई करते हुए संचालक के साथ मारपीट कर दी। मारपीट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने तत्काल थाना सिविल लाइन पुलिस को सूचना की। पुलिस मौके पर पहुंची तो छात्रों ने पुलिस को भी खदेड़ दिया और पथराव भी किया। थाना सिविल लाइन पुलिस ने दो छात्रों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्यवाही की है। इस तरह की कई घटनाएं घटित होने के बावजूद पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही न किये जाने से छात्रों के हौसले बुलंद हो गये हैं। इस सम्बंध में कालेज के डीन डॉ देवेंद्र सिंह ने बताया कि कालेज प्रशासन ने इस मामले की गंभीरता से लिया है। मत्स्य महाविद्यालय के डीन डॉ अजीत सिंह की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है जिसमें के के पटेल सहित तीन अन्य संकाय के सदस्यों को नामित किया गया है । इसके बाद नियमों के अनुरूप कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# नवनिर्मित टोल प्लाजा के विरोध में उतरे किसान संगठन

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार ।** इटावा बरेली हाईवे स्थित नवनिर्मित टोल प्लाजा के विरोध में अब किसान भी आ गए। टोल प्लाजा को लेकर पहले स्थानीय लोगों ने मानकों का उल्लंघन बताते हुए इसे अवैध करार दिया। अब किसान संगठन भी खुलकर विरोध में उतर आए हैं। किसान यूनियन अराजनैतिक के इटावा जिला अध्यक्ष संजेश यादव को पुलिस ने उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। किसान अराजनैतिक संगठन ने बख्तियारपुर टोल प्लाजा पर महापंचायत आयोजित करने की घोषणा की थी। इसी को देखते हुए सोमवार को पुलिस ने जिला अध्यक्ष संजेश यादव को उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया। उनके घर पर दो थानों



एसडीएम को ज्ञापन देते संजेश यादव व अन्य किसान। अमृत विचार

• पुलिस ने किसान यूनियन जिला अध्यक्ष संजेश को किया नजरबंद

की पुलिस फोर्स और पीएसी बल तैनात किया गया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह अपने साथियों के साथ टोल प्लाजा पर पहुंच गए, जिससे स्थिति और संवेदनशील हो गई है। टोल प्लाजा बनने के बाद सबसे पहले क्षेत्र वासियों ने इसके निर्माण पर सवाल खड़े किए। लोगों का कहना है कि यह टोल प्लाजा तय मानकों को पूरा नहीं करता। जानकारी होने पर एसडीएम ने कहा कि उनकी मांगों को लेकर हाईवे के अधिकारियों से वार्ता कर इसका समाधान करायेंगे।

# छेड़छाड़ के मामले में एक साल की सजा

संवाददताता ताखा इटावा

**अमृत विचार ।** अपर जिला शासकीय अधिवक्ता दशरथ सिंह ने बताया कि बलरई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग पुत्री आठ अगस्त 2023 को अपने घर पर अकेली थी तभी गांव का ही उज्ज्वल उसके घर में घुस आया और उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा। पुत्री के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए तोवह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। इससे पहले भी वह फोन पर उसकी पुत्री के साथ अश्लील बातें करता था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। सरकार की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता आशीष तिवारी ने पैरवी की । पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने छेड़छाड़ व धमकी देने के मामले में दोषी पाया और उज्ज्वल को एक साल की सजा दी।

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड नम्बर 22071109 3473में मेरा नाम ताहर सिंह दर्ज हो गया था जबकि मेरा सही नाम सुरेश सिंह है। जिसे मैंने उसी आधार कार्ड संख्या पर दर्ज करा लिया है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम **सुरेश सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी रतनपुर –पोस्ट –समाइन –तहसील –बिधूना– जनपद –औरैया** पढ़ा लिखा व जाना माना जाये।,

आक्रोश

मतदाताओं के नाम काटने के लिए जमा किए गए फार्म 7

# मतदाता सूची से नाम काटे जाने को लेकर हंगामा

संवाददाता ताखा इटावा

**अमृत विचार ।** एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से नाम काटे जाने के लिए बीएलओ को फार्म 7 भरकर देने को लेकर मतदाताओं में उबाल है। इसे लेकर तीन दर्जन से अधिक मतदाता सपा नेताओं के साथ सोमवार को ताखा तहसील पहुंचे और वहां धरना दिया। उन्होने भाजपा नेता पर फार्म 7 भरने का आरोप लगाया है।

सोमवार की दोपहर को गांव रतहरी सरावा के यह मतदाता ध्रुव यादव और सपा के उदयभान सिंह यादव की अगुवाई में तहसील में पहुंचे और वहां धरना दिया । इन सभी मतदाताओं का कहना है कि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल है। उन्होंने अपने कागज भी बीएलओ को दिए थे। गणना



ताखा तहसील में धरना देते मतदाता। अमृत विचार

प्रपत्र भी भरा था। इसके बाद दूसरे लोगों ने उनका नाम मतदाता सूची से काटे जाने के लिए फार्म 7 भर कर दे दिया है । उन्होंने फार्म 7 नहीं भरा है। यह फॉर्म 7 मतदाता सूची से नाम काटे जोन के लिए भरा जाता है। मतदाताओं को जब पता चला कि उनका नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए फार्म जमा किया गया है तो वह आक्रोशित हो उठे और तहसील मुख्यालय पहुंचकर धरना दिया।

इस मामले में उप जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत रतहरी सरावा के मतदाताओं के नाम काटे जाने के लिए फार्म 7 भरे गए हैं । यह भी कहा गया है कि भाजपा के पदाधिकारी ने यह फार्म बीएलओ के पास जमा किए हैं और अब वे वोट कटवाने का दबाव बना रहे है । इस मामले में बड़ी संख्या में मतदाताओं के तहसील मुख्यालय पर धरना देने की सूचना पाकर एसडीएम श्वेता मिश्रा वहां पहुंची और उन्होंने मतदाताओं का ज्ञापन लिया। वहां सपा के उदय भान सिंह यादव और विधायक प्रतिनिधि ध्रुव यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा की ओर से पात्र मतदाताओं के नाम काटे जाने के लिए कोशिश की जा रही है। जिला पंचायत सदस्य सत्यभान यादव, संदीप यादव लालू, राम जीवन यादव, नवी आलम, सत्यम यादव शिवम यादव, याकूब अली, शमहुद्दीन, राजेश यादव टिल्लू, प्रशांत रहे।

# मिनी सचिवालय से डेढ़ लाख की चोरी

**चकरनगर ।** ब्लाक चकरनगर की ग्राम पंचायत बिहार स्थित मिनी सचिवालय में छह फरवरी की रात्रि चोरों ने ताला तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर लिए। शनिवार सुबह पंचायत सहायक अमित जब सचिवालय पहुंचे तो कमरे में रखा सामान गायब मिला। जानकारी मिलते ही वीडीओ हरि प्रकाश मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पंचायत घर में रात के समय चोरी हुई है और इसकी सूचना बिठौली थाना पुलिस को दे दी गई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। ग्रामीणों का कहना है कि चोरी से पंचायत के दैनिक कामकाज पर असर पड़ने की आशंका है, क्योंकि ऑनलाइन सेवाओं और रिकॉर्ड से जुड़ा अधिकांश उपकरण ही गायब है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 का अंकपत्र 1578644 व इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अंकपत्र 1283485 के साथ पैनकार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य पढ़ाई के कागजात कहीं खो गए हैं। **शीबू पुत्र छोटेलाल ग्राम शिवनी, पोस्ट खरौंज जिला हमीरपुर (उ.प्र.)**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र विकास व पुत्रवधू शालिनी के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगें ।– **राकेश कुमार पुत्र लाखन लाल, निवासी ग्राम– दोबामाफी, थाना– ऐरवाकटरा, तहसील– बिधूना, जिला –औरैया।**

**सूचना**
मैंने अपना नाम ABUL HASAN KHAN MOHAMMED AHMED से बदल कर ABUL HASAN KHAN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। C/O: MOHAMMAD AHMAD KHAN R/O:167 KANCHANA JAIS KASIMPUR AMETHI UTTAR PRADESH-229305

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र राकेश कुमार, रामवीर उर्फ अखिलेश व अमिलेश के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगें। **– सूरजपाल सिंह पुत्र बालादीन, निवासी ग्राम–गुलालपुर, थाना– ऐरवाकटरा, तहसील– बिधूना– जिला –औरैया।**

**सूचना**
मैंने अपना नाम JAMAL AHMAD ISRAR से बदल कर JAMAL AHMAD रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। C/O: ISRAR AHMAD R/O:VILL AND PO AMILO PS MUBARAKPUR AZAMGARH UTTAR PRADESH 276404

**सूचना**
मैं NEERAJ पुत्र श्री KANHAIYA LAL GUPTA निवासी म0नं0–44, हुसैन नगर, थाना कोतवाली उन्नाव, जिला–उन्नाव, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर NEERAJ GUPTA कर लिया है, अतः आज से मुझे NEERAJ GUPTA के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

## न्यूज ब्रीफ

### रेलवे क्रासिंग फाटक नहरपुल पर लगा जाम

**अछल्दा (औरैया)।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेनों की अतिव्यस्ता के कारण रेलवे स्टेशन की पूर्वी क्रॉसिंग पर समय से न खुलने पर वाहनों का लंबा जाम सोमवार शाम को लगा। एक घंटे से बंद फाटक खुलते ही वाहनों का जाम लगने से कानपुर सेंट्रल जा रही 64604 मेमो 13 मिनट आउटर सिंग्नल पर खड़ी रही। रेलवे पुलिस ने फाटक को 6 :43 मिनट पर बन्द कराने के बाद आउटर पर खड़ी मेमो पैसेंजर प्लेटफार्म पर आकर रुकी उसके बाद गन्तव्य को रवाना हुई। इसी तरह दिन में कई बार फाटक के दोनों तरफ वाहनों का जाम लगने से पैदल सवार नही निकल सके। इसी तरफ नहर पुल का हाइटगेज शनिवार रात टूटने पर कस्बा से वाहनों का निकलना बना हुआ है बाजार का दिन होने के चलते जाम लगा रहा।

### भूसा लदा ट्रक 11 केवी लाइन से टकराया

**अछल्दा (औरैया)।** क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। विकासखंड क्षेत्र के छछूंद-बंबा पटरी मार्ग पर करीब साढ़े 12 बजे भूसा लदा ट्रक ऊपर से गुजर रहे 11 हजार केवी की हाईटेंशन बिजली लाइन से टकरा गई। टक्कर लगते ही खंभे पर लगा इंसुलेटर टूट गया और बिजली का तार निकलकर सीधे सड़क पर गिर पड़ा। गनीमत रही कि घटना के समय वहां से गुजर रहे लोग बाल–बाल बच गए। अचानक तार गिरने से आसपास अफरातफरी मच गई और लोग जान बचाकर दूर भागे। स्थानीय लोगों ने तत्काल बिजली विभाग को सूचना दी, जिसके बाद एहतियातन विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई। सूचना मिलते ही अवर अभियंता धीरेंद्र कुमार के निर्देश पर लाइनमैन मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त लाइन को दोबारा खंभे पर चढ़ाकर दुरुस्त किया। मरम्मत के बाद ही विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। घटना के दौरान सड़क पर आवाजाही जारी थी, ऐसे में यदि लाइन में करंट प्रवाहित रहता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### भाई ने फावड़े से किया हमला, युवक गंभीर

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के भोजपुर में रविवार रात्रि एक पारिवारिक विवाद के दौरान एक युवक पर फावड़े से हमला किया गया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बाद में लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है। भोजपुर निवासी शिवराज सिंह पुत्र अहिवरन सिंह पर उनके भाई ने फावड़े से हमला किया। यह घटना एक मामूली कहासुनी के बाद हुई, जिसमें शिवराज के सिर में गंभीर चोट आई। घायल शिवराज को तत्काल कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उन्हें थाने भेजा गया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें दोबारा मेडिकल उपचार के लिए सीएचसी भेजा। सीएचसी में चिकित्सक ने शिवराज की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। हमले के पीछे का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पीड़ित ने कमालगंज थाने में तहरीर दी है। कमालगंज थाना अध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण घायल

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के श्रृंगीरामपुर निवासी राकेश यादव पुत्र श्यामल सिंह सोमवार सबेरे एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। यह घटना तब हुई जब राकेश फर्रुखाबाद से एक आवश्यक कार्य निपटाकर अपने घर लौट रहे थे। कमालगंज में पावर हाउस के निकट अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और उन्हें कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेजाकर प्राथमिक उपचार कराया गया।

### एआरटीओ ने रोडवेज बसों की फिटनेस जांची

**फर्रुखाबाद।** सोमवार को एआरटीओ प्रशासन कृष्ण कुमार यादव के द्वारा एआरएम रोडवेज राजेश कुमार के साथ रोडवेज बस अड्डा लालगेट पर बसों की फिटनेस की जांच की गई। शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह का आयोजन दिनांक एक फरवरी से 28 फरवरी तक किया जा रहा है ए. आर.टी.ओ.-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव द्वारा सभी को अपने संबोधन में बताया कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाएं केवल लापरवाही की वजह से बढ़ती जा रही हैं जिस पर नियंत्रण करने की अत्यन्त आवश्यकता है।

# फर्जी वोटों के मामले में जांच के निर्देश

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)



सत्यापन कार्य करते अधिकारी। अमृत विचार

- फर्जी हस्ताक्षर और उम्र सत्यापन पर अटकी वोट प्रक्रिया, एडीएम ने मांगे दस्तावेज

**अमृत विचार।** विकास खण्ड के बैशोली पंचायत के दलीपपुर स्थित पंचायत भवन में सोमवार को चौपाल लगाकर फर्जी वोटों की जानकारी दी गई। इस दौरान, एडीएम अविनाश चंद्र मौर्या ने बीएलओ फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि केवल आधार कार्ड देखकर वोट न बनाएं, बल्कि व्यक्ति की गांव में उपस्थिति की भी पुष्टि की जाए।

बैशोली पंचायत के विभिन्न मजरों जैसे नगला चिंता, बिचौलिया, नगला खगा, इनायतपुर, दलीपपुर, गणेश का अड्डा, थना का पुरवा, पूर्वा किशोरी, कलक्टरगंज और ब्लॉक चौराहे में लगभग 50 मतदाताओं के दो स्थानों पर वोट बने होने का मामला सामने आया है। इन फर्जी वोटों की जांच सचिव सौरभ यादव द्वारा छछुंद, दौलतपुर, जगजीवनपुर, गौतला और रामपुर वैश्य गांवों में की जा रही है। एडीएम मौर्या ने फार्म रजिस्ट्रेशन को लेकर भी चेतावनी दी कि यदि लोग स्वयं जानकारी नहीं देंगे, तो उन्हें बाद में तहसील के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। उन्होंने राशन कार्ड में एक यूनिट में छह लोगों के नाम होने और किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर आईडी की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। ग्रामीणों को लेखपाल, जनसेवा केंद्र और पंचायत सहायक से संपर्क करने की सलाह दी गई। चौपाल के दौरान, लेखपाल सतेंद्र यादव ने ग्रामीणों को वोटर लिस्ट से नामों की सूची पढ़कर सुनाई। बैशोली पंचायत में 2011 की जनगणना के अनुसार कुल 7500 मतदाता हैं। इसी बीच, बैशोली गांव के 26 वर्षीय सोयब के नाम पर फर्जी हस्ताक्षर कर आपत्ति दर्ज कराई गई। सोयब को इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने एडीएम को चौपाल में मामले की जानकारी दी।

# कलश यात्रा के साथ राम कथा शुरू

संवाददाता, बिधूना (औरैया)



कलश यात्रा के दौरान शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिधूना क्षेत्र के रावतपुर गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत एवं श्रीराम कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कलश यात्रा महोत्सव पंडाल से प्रारंभ होकर पूरे ग्राम भ्रमण करते हुए पुनः भागवत पांडाल में पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारों के बीच व्यास पीठ के समक्ष कलशों की स्थापना की गई। इस दौरान मार्ग में पड़ने वाले विभिन्न मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कलश यात्रा के दौरान परीक्षित नरेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं अशोक कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। महोत्सव के आयोजक नरेंद्र कुमार त्रिपाठी, विमल कुमार त्रिपाठी एवं विनीत कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि यह धार्मिक कार्यक्रम 9 फरवरी से 15 फरवरी तक चलेगा।

16 फरवरी को पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के प्रवक्ता श्रीधाम वृंदावन से पधारे रामसखा जू महाराज प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक प्रवचन देंगे। वहीं श्री राम कथा का वाचन आनंदेश्वर पीठाधीश्वर कन्नौज गोपाल महाराज द्वारा रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक किया जाएगा।

# इटवा-बरेली हाईवे पर डंपर की टक्कर से छात्र की मौत

## कादरीगेट थाना क्षेत्र के अर्जुन नगला गांव के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** इटावा बरेली हाई-वे पर थाना कादरीगेट के गाँव अर्जुन नगला के पास डंपर की टक्कर से एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। छात्र को लोहिया अस्पताल ले जाया जा रहा था, रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार सोमवार अपराह्न दो बजे बढ़पुर क्षेत्र में हाईस्कूल का छात्र सत्यम निवासी थाना कादरीगेट के गाँव टिकुरियन नगला फर्रुखाबाद आवास-विकास स्थित एक कोचिंग सेंटर से पढ़ कर घर लोट रहा था।

इसी दौरान थाना कादरीगेट के गांव अर्जुन नगला के पास तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसके शरीर का निचला हिस्सा क्षत विक्षत हो गया। इसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने सत्यम को मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे और अस्पताल की इमरजेंसी से शव नहीं निकालने देने कि बात पर अड़ गए। थानाकादरी गेट पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंचा और परिजनों को समझा बुझाकर सत्यम के शव को बाहर निकाला गया।शव को मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम के लिए सूचना दी गई। परिजनों की मांग है पहले डंपर को पकड़वाया जाए उसके बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।




### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**दिबियापुर (औरैया)।** बेला रोड स्थित बहरे वाली पुलिया के पास सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के पैर में दो जगह फ्रैक्चर हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सरकारी अस्पताल में (सीएचसी) भर्ती कराया। उरई पुरवा एरवा कटरा निवासी राजेश कुमार उद्योग विभाग से संबंधित किसी कार्य से औरैया जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजेश ट्रैक्टर की ट्रॉली के नीचे आ गए, जिससे उनके पैर में गंभीर चोटें आईं। सीएचसी दिबियापुर में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज चिचौली रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। फिलहाल मेडिकल कॉलेज में घायल का इलाज जारी है।



बर्बाद हुई आलू की फसल।

### जंगली सुअरों ने आलू की फसल की बर्बाद किसान परेशान

**अछल्दा (औरैया)।** क्षेत्र में जंगली सुअरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। ग्राम पंचायत बीसरमऊ के मजरा नगला उम्मेद निवासी किसान नरेश राजपूत के खेतों में जंगली सुअरों ने घुसकर आलू की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। किसान ने बताया कि उनके करीब तीन बीघा खेत में लगी आलू की फसल जंगली सुअरों द्वारा रौंदकर नष्ट कर दी गई है। इससे उन्हें आर्थिक रूप से भारी क्षति हुई है। बताया कि जंगली सुअरों के भय से किसान रात-रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। रविवार रात करीब 11 बजे वह खेत से घर लौटे थे, तभी जंगली सुअर खेत में घुस आए और रात भर फसल को नुकसान पहुंचाते रहे। किसानों ने प्रशासन से जंगली सुअरों से निजात दिलाने और क्षतिपूर्ति की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

# सम्मेलन में हिंदू एकता और सेवा के संकल्प पर की चर्चा

संवाददाता, बेला (औरैया)

**अमृत विचार।** कस्बा में आज हिंदू सेवा समिति द्वारा एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में संतों का आगमन हुआ, जिससे कार्यक्रम में भव्यता आ गई। मुख्य अतिथि के रूप में मधुराम शरण शिवा संस्थापक - शिव शक्ति अखाडा , भारत भूषण ( विठूर ) तथा रमेश (प्रान्त बौद्धिक प्रमुख कानपुर प्रांत) जिला प्रचारक अनूप जी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय हिंदू सेवा समिति के समस्त कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल हुए। बैंड बाजा के साथ रोड पर रैली निकाली। सम्मेलन में हिंदू एकता और सेवा के संकल्प पर चर्चा हुई। शाम 5 बजे के बाद समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने एक साथ भोजन ग्रहण कर सामाजिक सद्भाव का परिचय दिया। यह कार्यक्रम में विमल दुबे, राकेश चौहान, योगी मिश्रा, अरुण दुबे, विजय सुनार, शीलू कुशवाहा, सीपू मिश्रा, नितिन दुबे, संदीप गुप्ता के साथ समस्त हिंदू सेवा समिति के सहयोग से संपन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन जे पी त्रिवेदी ने किया। यह आयोजन स्थानीय स्तर पर हिंदू समुदाय को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वही सुरक्षा की दृष्टिगत थाना अध्यक्ष गंगा दास गौतम, उप निरीक्षक संतोष कुमार सहित पुलिस रहा मौजूद।



सम्मेलन के दौरान मौजूद संत व अन्य। अमृत विचार

### मासूम की मौत के बाद जागे जिम्मेदार, तालाब में बाउंड्री का काम शुरू

**कुदरकोट (औरैया)।** वैवाह गांव तालाब में डूबकर हुई मासूम की मौत के बाद जिम्मेदारों ने सुधि लेकर बाउंड्रीवाल का काम शुरू करवाया है। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

19 जनवरी को तीन साल के मासूम की तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। बच्चा अपने घर के पीछे तालाब के पास कुत्ते के पिल्लों के साथ खेल रहा था। खेलते समय एक पिल्ले के भागने पर उसे पकड़ने के प्रयास में वह तालाब में गिर गया और डूब गया। घटना के दस दिन बाद, 27 जनवरी को एरवाकटरा ब्लॉक के अधिकारियों ने तालाब का निरीक्षण किया। बीडीओ और एडीओ पंचायत ने ग्रामीणों के साथ बैठक की और तालाब को सुरक्षित बनाने के लिए उसके चारों ओर बाउंड्री बनाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में सोमवार को जेई संदीप कुमार ने तालाब के चारों ओर नापतोल की। उन्होंने बताया कि तालाब के चारों ओर नाली और बाउंड्री का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। बीडीओ संजीव कुमार पांडे ने इस बात की पुष्टि की कि जेई द्वारा तालाब की नापतोल कर ली गई है।



बैठक के दौरान मौजूद ग्रुप की महिलाएं। अमृत विचार

# ग्रुप ने आशा अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, दिबियापुर (औरैया)

**अमृत विचार।** जाइट्स ग्रुप ऑफ दिबियापुर सहेली की एक भावपूर्ण बैठक का आयोजन पूर्व फेडरेशन ऑफिसर रेनू सिंह के नेतृत्व में किया गया। बैठक की शुरुआत ग्रुप की पूर्व अध्यक्ष स्व. आशा अग्रवाल की पुण्य स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। सभी सदस्यों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर जाइट्स ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष जीएन अग्रवाल ने अपनी पत्नी स्व. आशा अग्रवाल की स्मृति में ग्रुप की 42 सदस्यों को साड़ी स्वरूप उपहार भेंट किए। वहीं अर्चना पोरवाल ने आशा अग्रवाल के साथ बिताए गए अपने पलों को साझा किया। यूनिट-5 की सभी अध्यक्षों को यूनिट डायरेक्टर प्रीती पोरवाल द्वारा डायरेक्टरी दी। बैठक में ग्रुप कोऑर्डिनेटर पूनम पोरवाल, संरक्षक मंजू मिश्रा, फेडरेशन ऑफिसर वीना गुप्ता, अध्यक्ष भारती पोरवाल, सचिव शशि गुप्ता रहीं।

# पंकज बने अखिल भारतीय लोधी लोधा महासभा के युवा जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



युवा जिलाध्यक्ष पंकज राजपूत का स्वागत करते विशुनदयाल राजपूत व अन्य।

**अमृत विचार।** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी पंकज राजपूत को अखिल भारतीय लोधी-लोधा महासभा का युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गयी है, उसका वह निष्ठा से पालन करेंगे। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एटा के विधायक व अखिल भारतीय लोधी लोधा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार डेविड, केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा व प्रदेश के राज्यमंत्री धर्मपाल सिंह, हैदराबाद के विधायक टी राजा की मौजूदगी में पंकज राजपूत को प्रदेश अध्यक्ष परशुराम वर्मा ने मनोनयन पत्र सौंपा। युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत होने के बाद तहसील सदर के अधिवक्ता पंकज राजपूत के स्वागत में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोधी समाज के लोगों व अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से उमका गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। अधिवक्ता पंकज राजपूत ने भी विचार व्यक्त किए। लोधी समाज को शिक्षित करने, उनको संगठित करने की दिशा में वे कार्य करेंगे। स्वागत करने वालों में विशुन दयाल राजपूत कातिब, आशीष राजपूत एडवोकेट, ॠषि श्रीवास्तव एड., सुधीर सक्सेना एडवोकेट घनश्याम सक्सेना कातिब, राजेश श्रीवास्तव छुन्ना, अरुणेश सक्सेना, करन यादव आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**बिधूना (औरैया)।** कस्बा क्षेत्र के समीपवर्ती गांव सराय प्रथम में सोमवार सुबह 25 वर्षीय युवक का शव सबमर्सिबल पंप पर फांसी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

ऐरवा कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर निवासी अश्विनी उर्फ शनि (25) पुत्र नंदकिशोर दिल्ली में काम करता था। पिछले एक-दो दिनों से वह सराय प्रथम स्थित बृजेंद्र की सबमर्सिबल पर अपने ही गांव के साथी धर्मेंद्र के पास आकर रुका हुआ था। सोमवार सुबह करीब 6 बजे राहगीरों ने अश्विनी का शव दीवार से बंधी रस्सी के सहारे लटका देखा। घटना के बाद सबमर्सिबल पर मौजूद धर्मेंद्र ने तत्काल ग्राम प्रधान और पुलिस को सूचित किया। मृतक के घर में कोहराम मच गया। पिता नंदकिशोर ने आरोप लगाया है कि उनके पुत्र की हत्या की गई है। उन्होंने गांव के ही कुछ लोगों पर पुरानी रंजिश या अन्य कारणों से हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप मढ़ते हुए न्याय की गुहार लगाई है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों (हत्या या आत्महत्या) का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर गंभीरता से जांच कर रही है।

**उमंग 2.0** | क्रिकेट के फाइनल में विंध्याचल व हिमालय आमने–सामने

# स्पर्धा में नीलगिरि हाउस का शानदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



कबड्डी प्रतियोगिता में दमखम दिखातीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के मैदान में चल रहे फार्मेसी संकाय के वार्षिक खेल उत्सव 'उमंग 2.0' में चौथे दिन तक अधिकांश प्रतियोगिताओं में नीलगिरि हाउस के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। चारों हाउस की टीमें विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में जीत के लिए कड़ा संघर्ष करती नजर आईं। क्रिकेट के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों में विंध्याचल और हिमालय हाउस की टीमों ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि नीलगिरि और उदयगिरि हाउस की टीमें बाहर हो गईं।

छात्रों की थ्री-लेग दौड़ में विंध्याचल हाउस के अजीम व महमूद तथा छात्राओं में हिमालय हाउस की अंशिका व चांदनी ने पहला स्थान हासिल किया। छात्राओं के कबड्डी मुकाबले में विंध्याचल हाउस ने नीलगिरि हाउस को 16-9 से हराया। छात्रों के कबड्डी मैच में नीलगिरि हाउस ने 31 अंक बनाकर उदयगिरि हाउस (29 अंक) को मात दी। क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में हिमालय हाउस ने नीलगिरि हाउस को हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब फाइनल मुकाबला विंध्याचल और हिमालय हाउस के बीच खेला जाएगा।

फार्मेसी संकाय की डीन डॉ. बिंदु राठौर ने बताया कि प्रतियोगिताएं बुधवार, 11 फरवरी तक चलेंगी। उन्होंने कहा कि सभी हाउस के खिलाड़ी पूरे उत्साह से भाग ले रहे हैं तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों के नाम जिला टीमों के लिए भेजे जाएंगे।

# गंगा पर तटबंध की मांग को लेकर जन जागरण यात्रा 11 और 12 को

**फर्रुखाबाद।** गंगापार को बाढ़ से निजात दिलाने के लिए तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति के तत्वावधान में 11 फरवरी को सुबह 11 से कड़हर से तटबंध बनाने के समर्थन में एक विशाल जन चेतना पदयात्रा अमृतपुर तक के लिए निकाली जाएगी ।

उक्त यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए तटबंध बना जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि यात्रा गंगापार के गांव कड़हर से प्रारंभ होकर सरह-सवासी, खुटिया, बारा खेड़ा अंतर, अर्जुनपुर ज्ञानपुर सलेमपुर होती हुई भरखा में रात्रि विश्राम करेगी। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी को सुबह गांव भरखा से यात्रा पुनः प्रारंभ होकर तारापुर चाचूपुर जमापुर गोटिया इमादपुर रामपुर जोगराजपुर होते हुए अलीगढ़ तिराहे पर पहुंचेगी और वहां से अमृतपुर के लिए प्रस्थान करेगी। अमृतपुर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी अमृतपुर को दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न संगठन यात्रा में सहयोग कर रहे हैं और उसे सफल बनाने के लिए वह भीड़ जुटाने के लिए संगठनों के लोग बराबर लगे हुए हैं। उन्होंने सभी से सहयोग बनाए रखने की की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने कहा गंगापार को बाढ़ के कहर से निजात दिलाने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं और इस संकल्प को हर हाल में पूरा करेंगे।



प्रेसवार्ता करते भइयन मिश्रा व अन्य।

### सीओ ने पुलिस बल के साथ की गश्त

**कायमगंज (फर्रुखाबाद)।** पुलिस कप्तान आरती सिंह के निर्देश पर रविवार रात्रि कायमगंज क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी और थानाध्यक्ष नितिन कुमार ने कंपिल बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। इस गश्त का उद्देश्य थाना क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना था। पुलिस बल ने प्रमुख बाजारों और मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान आम नागरिकों ने सुरक्षा का अनुभव किया। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने नागरिकों को सुरक्षा का आश्वासन दिया और अमन-भाईचारा बनाए रखने की अपील की। चेतावनी दी कि अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है,अराजकता की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पैदल गश्त के दौरान थानाध्यक्ष नितिन कुमार के साथ उपनिरीक्षक प्रेमपाल यादव, उमेश कुमार, दिनेश कुमार रहे।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### मधुमक्खियों के हमले से चरवाहे की मौत

**सरीला।** चिकासी थाने के हरदुआ गांव में सोमवार दोपहर जंगल में भैंस चराने गए चंद्रभान सिंह यादव (60) की मधुमक्खियों के हमले से मौत हो गई। देर शाम भैंस के घर लौटने और चंद्रभान के नहीं आने पर परिजनों ने जंगल में तलाश की तो शव मिला। बेटे नरेश ने बताया कि शरीर पर मधुमक्खियों के डंक के निशान थे। पत्नी शीतल रानी, बेटा नरेश (30), छोटा बेटा मुनेश (26) व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा।

### ट्रॉली में पीछे से घुसा ई रिक्शा, 7 घायल

**राठ।** मझगवां निवासी नसीम गांव और खड़ाखर से सवारियां लेकर कस्बे आ रहा था, तभी टूंका गांव के पास ई रिक्शा आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली में घुस गया, जिससे खड़ाखर निवासी पूजा, विनीता, सुघररानी, मुन्नी देवी, जीवा व महोबा जनपद के सिजहरी गांव निवासी विजय कुमार, उसकी पत्नी भारती गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस से घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने दो की नाजुक हालत देख उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### विद्यालय संचालक ने तीन बच्चों को पीटा

**राठ।** जुगियाना निवासी शंकर लाल ने सोमवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका 14 वर्षीय नाती अंशु राठ कस्बे के गलिहया रोड स्थित एक आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई करता है। शनिवार रात करीब 8 बजे अंशु अपने साथी पीयूष और प्रबल के साथ खेल रहा था और आपस में मजाक कर रहे थे, तभी संचालक ने सीसीटीवी कैमरा बंद कर तीनों बच्चों की डंडे से बेरहमी से पिटाई की। बच्चों को घर पर फोन भी नहीं करने दिया। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह समझौता हो गया है।

### करंट लगने से बकरे की मौत, टीम पहुंची

**मौदहा।** ट्रांसफार्मर में करंट से बकरे की मौत हो गई। सूचना पर बिजली विभाग की टीम ने ट्रांसफार्मर को सही किया। कस्बे के मथुरा मंदिर के निकट रखे ट्रांसफार्मर में अचानक करंट आ गया, जिससे वहां पर टहल रहे बकरे की करंट लगने से मौत हो गई। मोहल्ले वालों की सूचना पर पहुंची बिजली विभाग की टीम ने जांच की और करंट सही किया। फिलहाल इस मामले में बिजली विभाग के किसी जिम्मेदार ने बात नहीं की है।

### आधा दर्जन नलकूपों से केबल हुई चोरी

**सुमेरपुर।** क्षेत्र में नलकूपों से केबल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। विदोखर मेंदनी के किसान श्यामजी तिवारी ने बताया कि चोरों ने शंकर दीक्षित, विनय तिवारी के साथ उनके नलकूप की केबल चोरी कर ली। उन्होंने इंगोहटा पुलिस चौकी में शिकायत की है। इसी तरह बांकी के किसान जगदीश यादव ने बताया कि चोर उनके नलकूप से केबल काट ले गए हैं। चौकी इंचार्ज मनीष पटेल ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

### बगैर तलाक दूसरी शादी करने पर केस

**हमीरपुर।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के पारा रैपुरा गांव निवासी संगीता ने बताया कि उसकी शादी मई 2019 में बिवांर क्षेत्र के धनपुरा गांव निवासी सुशील कुमार से हुई थी। ससुरालीजन दहेज में 50 हजार नकद और बाइक की मांग करने लगे। अक्टूबर 2019 में पति ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। तब से वह मायके में रह रही है। पति ने बगैर तलाक लिए कुरारा क्षेत्र के हरेहटा निवासी रेशमा के साथ शादी कर ली है। एक पुत्र भी है। कोर्ट के आदेश पर सुशील कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### आरोग्य मेले में 44 मरीजों का उपचार

**बिवांर।** पीएचसी में चिकित्साधिकारी डा.एसके सिंह की देखरेख में आरोग्य मेला लगा, जिसमें 44 मरीजों की जांच कर दवा दी गई। सबसे अधिक जुखाम-खांसी के मरीज आए। पांच मरीजों के खून के सैंपल लेकर जांच की गई। एक शुगर पीड़ित मरीज को जांच कर दवा दी गई। एक मरीज टीबी ग्रस्त मिला है।

### कोर्ट ने दो के खिलाफ जारी किया वारंट

**पौथिया।** पौथिया गांव निवासी हल्की उर्फ बेटीबाई, पति रामआसरे और स्वासाखुर्द निवासी बब्बू उर्फ श्रीराम का मुकदमा कोर्ट में लंबित है। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ वारंट जारी किया है। एसआई हरि प्रताप सिंह ने बताया ललपुरा थाने में मुकदमा दर्ज है।

# दुकान में घुसा पार्सल वाहन दुकानदार की दबकर मौत

## मुस्करा थाना क्षेत्र में हमीरपुर-राठ स्टेट हाईवे पर रविवार की रात हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मुस्करा थाना क्षेत्र में राठ रोड स्थित बिहूनी खुर्द गांव में रविवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। अनियंत्रित डाक पार्सल ट्रक सड़क किनारे एक गुमटी दुकान को तोड़ता हुआ जा घुसा। हादसे के समय दुकानदार दुकान के अंदर सो रहा था, जिसकी दबकर मौके पर मौत हो गई और दुकान के अंदर खड़ी बाइक भी टूट गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मुस्करा थाना क्षेत्र के बिहूनी खुर्द गांव निवासी रमेश (56) पुत्र महिपाल साहू हमीरपुर-राठ हाईवे के किनारे गुमटी में दुकान चलाता था। रविवार की रात करीब 11 बजे राठ की तरफ जा रहा डाक पार्सल का ट्रक अनियंत्रित होकर उसकी दुकान में जा घुसा। दुकान के अंदर सो रहा रमेश साहू ट्रक के नीचे दब गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मुस्करा पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में दुकान भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं दुकान के बाहर खड़ी एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।



दुकान में घुसा ट्रक। अमृत विचार



हादसे के बाद रोते-बिलखते दुकानदार के परिजन। अमृत विचार

- हादसे के बाद गाड़ी छोड़कर भाग निकला पार्सल वाहन का चालक

ट्रक की टक्कर से घटना स्थल के निकट एक मकान भी दरक गया। पड़ोसी विश्वनाथ ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर दुकान में घुस गया और उनके घर में जा टकराया, जिससे भारी नुकसान हुआ है। दुकानदार की जान चली गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मलबे से शव को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## लोडर की टक्कर से छात्र की गई जान

**राठ।** शादी समारोह में आए एक छात्र को अनियंत्रित लोडर ने जोरदार टक्कर मार दी। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कस्बे के उरई रोड स्थित एक विवाहघर के बाहर सोमवार रात करीब दो बजे 15 वर्षीय प्रशांत पुत्र बलवान सिंह निवासी पुरैनी थाना जलालपुर सड़क किनारे खड़ा था। उसी दौरान तेज रफ्तार एक अनियंत्रित लोडर ने छात्र को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताते हैं कि छात्र अपनी ममेरी बहन की शादी में शामिल होने आया था। लोडर की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रशांत काफी दूर जाकर गिरा। परिजनों ने बताया कि प्रशांत कैथी निवासी अपने मामा राजू की पुत्री वर्षा की शादी में शामिल होने आया था। वह नौवीं कक्षा का छात्र था और अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था। बेटे की मौत पर मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल था। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# कार की टक्कर से छिन गई अधेड़ की जिंदगी

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- हाईवे किनारे स्कूटी खड़ी कर साथी का कर रहा था इंतजार

**अमृत विचार।** रविवार शाम स्टेट हाईवे पर फिलिंग स्टेशन के पास दावत खाकर घर आने के लिए साथी के इंतजार में फोरलेन पर डिवाइडर किनारे खड़े अधेड़ को तेज रफ्तार कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।



सैलानी गुप्ता।

कस्बा के मेन बाजार निवासी सैलानी गुप्ता उर्फ शैलेंद्र (55) रविवार शाम करीब 7 बजे अपने साथी मातादीन के साथ स्कूटी से एक निजी नलकूप पर दावत करने गए थे। दावत के बाद वापस घर लौट रहे थे। उसने स्कूटी स्टेट हाईवे के किनारे शकुंतला फिलिंग स्टेशन के पास खड़ी कर दी और डिवाइडर किनारे खड़े होकर अपने साथी का इंतजार करने लगे। इस बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस एंबुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। बताया गया है कि मृतक अपने पीछे दो अविवाहित पुत्र छोड़ गए हैं। थानाध्यक्ष राम आसरे सरोज ने बताया कि स्टेट हाईवे पर खड़े अधेड़ को एक कार ने टक्कर मारी थी। घायल को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे में शामिल कार को कब्जे में ले लिया है और मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# महाशिवरात्रि महोत्सव पर कुन्हेटा गांव में फोर्स लगाने की उठी मांग

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थाना परिसर में सोमवार को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। सीओ राजकुमार पांडेय और नायब तहसीलदार सत्यप्रकाश वर्मा मौजूद रहे। सीओ ने बैठक में महाशिवरात्रि पर निकाले जाने वाली शिव बारात के बारे में जानकारी ली।



बिवांर थाने में पीस कमेटी की बैठक करते सीओ राजकुमार पांडेय। अमृत विचार

बताया गया कि बिवांर, बांधुरखुर्द, कुन्हेटा, सदाशिव मंदिर सायर ऊपरी, खड़ेहीजार, बिगहना, उमरी गांवों में शिव बारात निकाली जाती है। सीओ ने कहा कि शोभायात्रा में किसी प्रकार की नारेबाजी न की जाए। कुन्हेटा गांव के लोगों ने बताया कि उनके गांव में शिवरात्रि पर्व 15 से 17 फरवरी तक चलेगा। पिछले साल हुए विवाद का हवाला देते हुए पुलिस बल की मांग की। थाना प्रभारी ने बांधुरखुर्द के लोगों से कहा कि उनके गांव में शिव बारात के दौरान कुछ लोग शराब पीते हैं, जिन्हें कार्यक्रम से दूर रखने की व्यवस्था की जाए। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि गांवों की शिव बारात कमेटी के लोग अलग पहचान के रूप में बैच या अन्य पहचान चिह्न जरूर लगाएं, जिससे कमेटी के वालेंटियर अलग दिखें। बैठक में बिवांर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष जगदीश शुक्ला, कोषाध्यक्ष अजीत अनुरागी, शिव बारात कमेटी के शिवकुमार पाठक, रघुनाथ विश्वकर्मा, आशुतोष श्रीवास, बांधुरखुर्द प्रधान अशोक श्रीवास, कैमोखर प्रधान बच्चालाल आदि लोग मौजूद रहे।

## पारिवारिक विवाद में फंदा लगा दी जान

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के मंगलपुर गांव में पारिवारिक कलह के चलते 40 वर्षीय महिला ने फांसी लगा ली। परिजनों ने सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

मंगलपुर निवासी भूरा की पत्नी सुमन (40) ने सोमवार सुबह करीब आठ बजे पारिवारिक कलह के चलते घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने देखा तो तत्काल फंदे से उतारकर सीएचसी ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे तीन बच्चे छोड़ गई है, जिनकी उम्र करीब 20, 18 और 16 वर्ष बताई जा रही है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष राम आसरे सरोज ने बताया कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

# नाम दुरुस्त कराने को ब्लाक में उमड़ी भीड़



ब्लाक कार्यालय में नोटिस के कागज दाखिल करते मतदाता। अमृत विचार

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सोमवार को विकासखंड कार्यालय में सभी बीएलओ ने मौजूद रहकर नोटिस की समस्याओं का समाधान कराया। इस मौके पर मतदाताओं की अच्छी खासी भीड़ मौजूद रही।

विकास खंड कार्यालय में सोमवार को रजिस्ट्रीकरण निर्वाचन अधिकारी रामसूरत यादव ने कस्बे के सभी बीएलओ को बुलाकर मतदाताओं को पूर्व में जारी की गई नोटिसों का निस्तारण कराया। इस मौके पर ब्लाक कार्यालय में दिनभर गहमा-गहमी रही। रजिस्ट्रीकरण निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे, वह समय पर अभिलेखों के साथ नहीं मौजूद हो सके थे, अब उन्हें बुलाकर समस्याओं का समाधान कराया जा रहा है।

## बिना मान्यता स्कूल को थमाया नोटिस

**सरीला।** बरहरा गांव में स्वामी ब्रहमानन्द शिक्षण संस्थान बगैर मान्यता के चल रहा है। बीएसए आलोक सिंह ने नियम विरुद्ध संचालित विद्यालय प्रबंधन से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

बीईओ आशीष चौहान ने बीएसए का पत्र विद्यालय प्रबंधन को भेजा है, जिसमें कहा है कि 6 फरवरी को वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष रत्नेश ने आरोप लगाया है कि कक्षा शिशु से कक्षा 10 तक स्वामी ब्रहमानन्द शिक्षण संस्थान बगैर मान्यता संचालित किया जा रहा है। रत्नेश ने दो अवैध वाहनों का संचालन करने की भी शिकायत की है। वहीं, एआरटीओ भी वाहनों को लेकर चेतावनी पत्र दे चुके हैं। इसके चलते बीएसए ने मान्यता की छायाप्रति एवं वाहनों के परिचालकों के नाम व ड्राईविंग लाइसेंस एवं फिटनेस प्रमाण पत्र सहित तीन दिन में प्रस्तुत करने को कहा है।

# धारा बढ़ाने पर 12 को कोर्ट में होगी सुनवाई

**लव जिहाद केस**

- पीड़िता को धमकाकर एक लाख रुपये वसूल करने का आरोप
- पुलिस बोली, पीड़िता के बयान के आधार पर बढ़ाई गई धारा

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में हुए लव जिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण का दबाव बनाने के मामले में चौथे आरोपी के खिलाफ धमकाकर रुपये लेने की धारा बढ़ाए जाने पर आरोपी के अधिवक्ता ने आपत्ति जताई है। इस पर आगामी 12 फरवरी को पॉक्सो कोर्ट में सुनवाई होगी।

पुलिस ने गैंगरेप पीड़िता के 161 के बयान को आधार बनाकर लवजिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण का दबाव बनाने के मुकदमे के चौथे आरोपी फहीमुद्दीन उर्फ लाला खान के खिलाफ धमकाकर एक लाख रुपये वसूलने के आरोप में बीएनएस की धारा 308 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई को आरोपी के अधिवक्ता ने न्यायालय में चुनौती दी है। आरोपी के अधिवक्ता का कहना है कि पुलिस ने गलत ढंग से धारा बढ़ाई है। आपत्ति पर 12 फरवरी को पॉक्सो कोर्ट में सुनवाई होगी।

गैंगरेप पीड़िता के अधिवक्ता आलोक मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर धारा बढ़ाई है। पीड़िता का बयान महत्वपूर्ण है। इस पर 12 फरवरी को न्यायालय में बहस की जाएगी। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि पीड़िता ने 161 के बयान में चौथे आरोपी पर धमकाकर रुपये ले जाने की बात कही थी। उसी आधार पर धारा बढ़ाई गई है।

# सरीला कस्बे में कलश यात्रा के साथ महाशिवरात्रि महोत्सव का आगाज

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** श्रीमद् भागवत कथा की विशाल शोभायात्रा के साथ ही नगर में महाशिवरात्रि महोत्सव का आगाज हो गया। यह कार्यक्रम 15 फरवरी तक चलेगा और रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। शोभायात्रा में शामिल थिरकते घोड़े आकर्षण का केंद्र रहे।

नगर में शिवरात्रि महोत्सव मनाने की लगभग पांच दशक पुरानी परंपरा है। महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात निकाली जाती है। महाशिवरात्रि पर्व पर लाखों की भीड़ उमड़ती है। श्री शल्लेश्वर मन्दिर में भक्त जलाभिषेक करते हैं। पूर्व में यहां महा शिवरात्रि महोत्सव में बड़े-बड़े फिल्मी स्टार भी शिरकत कर चुके हैं। इस साल भी सोमवार से नगर के नेस्ले मार्केट में शुरू हो रहे महाशिवरात्रि महोत्सव में श्री मदभागवत कथा की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बालिकाएं व महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी। डीजे की धुन पर युवाओं ने जमकर जयकारे लगाए।



कलश शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

कलश यात्रा में दो दर्जन से अधिक घोड़े ढोल की थाप पर थिरकते चल रहे थे। कलश यात्रा का समापन नगर भ्रमण के बाद कथा स्थल नेस्ले मार्केट पहुंचने पर हुआ। इस मौके पर नगर के तमाम लोग शामिल रहे। रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार अनुरागी, तहसीलदार राममोहन कुशवाहा व नगर लोग एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जरिया थाना का पुलिस बल मौजूद रहा।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष क्रॉस एफआईआर दर्ज

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- दोनों पक्षों की ओर से एक दर्जन से अधिक लोग नामजद
- पुलिस ने शुरू की जांच, फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के रीवन गांव में दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में कई लोग घायल हो गए। किसी का सिर फटा तो किसी के शरीर में चोट लगी है। पुलिस ने दोनों ओर से एक दर्जन से अधिक लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हर पहलू पर पुलिस नजर बनाए हुए है।

कोतवाली क्षेत्र के रीवन गांव के रहने वाले राजेंद्र की पत्नी सुमित्रा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीते दिन वह अपने दरवाजे पर खड़ी थी, तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के मनीराम, संजय, देवराज और रंजना लाठी-डंडा लेकर आए और गालीगलौज कर मारपीट करने लगे। उसने बचाव करने की कोशिश की, लेकिन हमले से उसके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं हैं। पीड़ित महिला ने सभी लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मनीराम के पुत्र संजय ने तहरीर देकर गांव के बाबूराम, बच्ची, झिंगा, कल्लू, क्रिंस, मुलायम, करन, जसवंत, भोला और उसकी चाची रंजना के घर में घुसकर हमला करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। जिस पर पुलिस ने दोनों ओर से तहरीरों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं और मामला गांव में आसपास के घरों का होने के कारण हर पहलू पर नजर बनाए हुए है।

**कड़ी सुरक्षा** | सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शुरू हुईं यूपी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

# सख्ती के चलते 25 फीसदी छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद से संचालित सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी की परीक्षाएं कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कालेज में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में सोमवार को शुरू हो गईं। जिसमें दोनों पालियों करीब 25 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि दूसरी पाली में डीएमओ ने परीक्षा केंद्र पहुंच कर जांच की।

यूपी मदरसा बोर्ड द्वारा संचालित सेकेंडरी कक्षाओं की परीक्षा सुबह की पाली में शुरू हुई। जिसमें मुंशी और मौलवी (समकक्ष हाईस्कूल) परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें कुल पंजीकृत 153 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 114 ने परीक्षा दी। 39 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं दूसरी पाली में सीनियर सेकेंडरी (समकक्ष इण्टर) की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें कुल पंजीकृत 50 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 38 ने परीक्षा दी और 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जो कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों का लगभग 25 प्रतिशत है। मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं के लिए कस्बे के राजकीय बालिका इण्टर कालेज को एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें मदरसा रहमानियां, मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी, मदरसा कहकशां बालिका, मदरसा बाबा नूरे निजामी दीवान शहीद और रागौल के मदरसा दारुल उलूम निजामी के परीक्षार्थी है। जिसकी केंद्र व्यवस्थापक कालेज की प्रधानाचार्या अंजलि प्रिया गौतम को बनाया गया है और सहायक केंद्र व्यवस्थापक मौलाना अताउर्रहमान को बनाया गया है। इस सम्बन्ध में केंद्र व्यवस्थापक अंजलि प्रिया गौतम ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण और नकलविहीन सम्पन्न कराई जा रही हैं। इस संबंध में डीएमओ ने बताया कि परीक्षाओं के लिए जनपद में एक परीक्षा केंद्र मौदहा में बनाया गया है। जिसमें सोमवार से दोनों पालियों में परीक्षाएं शुरू हुई हैं। परीक्षाएं नकल विहीन और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में चल रही हैं।



मदरसा बोर्ड की परीक्षा का निरीक्षण करते अध्यापक। अमृत विचार

# होनहार छात्रों का किया सम्मान

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मंगलपुर-बिलौटा गांव के बीच श्रीविष्णु महायज्ञ पर 12वीं में 90 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए छात्र-छात्राओं में साक्षी, प्रीति, प्रिंस, अंजलि और अंजू शामिल रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने छात्रों की सफलता को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया। कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का मजबूत आधार है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अरविंद कुमार (प्रधान), अटल निषाद, युवा नेता जयपाल, पुरान, सुनील, श्याम सुंदर, शशि कुमार, रोहित, अमित कुमार, छत्रपाल और चंद्र प्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



श्री विष्णु महायज्ञ के मौके पर सम्मानित हुए छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### आईटीआई में 12 फरवरी को रोजगार मेला

**सुमेरपुर।** कस्बे के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आईटीआई/पॉलीटेक्निक उत्तीर्ण बेरोजगार प्रशिक्षार्थियों के लिए 12 फरवरी को रोजगार/अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कई कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। प्रधानाचार्य एसके सैनी ने बताया कि मेले का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराना है। अभ्यर्थियों को शैक्षिक प्रमाणपत्र, बायोडाटा एवं दस्तावेज साथ लाने होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### दौरिया टीम ने 4 विकेट से जीता क्रिकेट मैच

**बेलाताल।** घंघौरा के मैदान में चल रहे बांकेबिहारी क्रिकेट टूर्नामेंट में दौरिया क्लब और लोकल टीम घंघौरा क्लब के मध्य मैच हुआ। दौरिया क्लब के कप्तान ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी घंघौरा टीम ने निर्धारित 15 ओवर भी नहीं खेल सकी और 13वें ओवर में 94 रनों पर आल आउट हो गई। दौरिया क्लब के बल्लेबाजों ने 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 4 विकेट से मैच को जीत लिया। मैच में जीतेंद्र और अजेंद्र अंपायर रहे।

### एक ही रात में तीन घरों में चोरों ने बोला धावा

**महोबा।** अजनर थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव में एक ही रात में चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए घरों लाखों रुपये के सोने चांदी के जेवर और नकदी पार कर दी। टिकरिया निवासी तिजवा अहिरवार अपने परिवार के साथ मजदूरी करने गांव से बाहर गया था, तभी चोरों ने उसके मकान में चोरी की। चोरों ने हरदेव और मंगना अहिरवार के घरों का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने चांदी के जेवर और नकदी चोरी की। बताते हैं कि घरों के लोग मौजूद नहीं थे। पुलिस ने लोगों से पूछताछ के साथ जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व जगतरात के घर पर चोरी हुई थी। एक सप्ताह में चार घरों से चोरी होने के बाद से ग्राम वासियों से दहशत व्याप्त है। उन्होंने पुलिस से चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

### परिवार के चार लोगों को लाठी-डंडों से पीटा

**महोबा।** सड़क पर पानी के पाइप के ऊपर से बाइक निकालने पर चार लोगों पर लाठी–डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कस्बेवासियों ने बीचबचाव कर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कुलपहाड़ निवासी दिलीप बाजार से घर लौट रहा था। घर के पास पड़ोसी जितेंद्र पानी का पाइप सड़क पर बिछाए था। जैसे ही दिलीप ने बाइक निकाली तो पड़ोसी गालीगलौज करने लगा। शोरशराबा सुन दिलीप की पत्नी विजय कुमार, पुत्र कपित विनीत और बहू भागवती घर से बाहर आई और शांत कराने की कोशिश की, लेकिन जितेंद्र के परिजनों ने लाठी–डंडों से मारपीट शुरू कर दी, जिससे दिलीप की पत्नी, पुत्र और बहू घायल हो गए। पड़ोसियों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## फार्म-7 भरकर नाम कटवाने की साजिश

- खरेला के बूथ संख्या 343 पर अज्ञात व्यक्ति ने बीएलओ को सौंपे 44 मतदाताओं के फार्म
- सभी फार्म मुस्लिम मतदाताओं के शामिल, सपा ने एडीएम से जांच कराने की उठाई मांग

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में मतदाता सूची से नाम हटवाने के लिए फॉर्म-7 का कथित दुरुपयोग किए जाने के मामला सामने आया है। इसको लेकर सोमवार को सपाइयों ने अपर जिलाधिकारी सुखवीर को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि खरेला के बूथ संख्या 343 पर किसी व्यक्ति ने 44 मुस्लिम मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फॉर्म नंबर 7 भरकर बीएलओ को सौंप दिया, जिसका सपाईयों ने विरोध जताया है।



अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते सपाई। अमृत विचार

ज्ञापन में बताया कि खरेला के जिन मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन किया गया है, वे सभी खरेला के मूल निवासी हैं। उनके नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची और ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में भी दर्ज थे। सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव ने आरोप लगाया कि अब बीएलओ पर इन नामों को मतदाता सूची से हटाने का दबाव बनाया जा रहा है, जिसका सपाईयों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर खुलकर विरोध किया। ज्ञापन में बताया कि इस तरह का मामला खरेला के अलावा सुगिरा गांव में भी सामने आया है। सुगिरा में मतदाताओं को उनकी जानकारी के बिना सूची से बाहर करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में पहले एसडीएम को सूचित किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई न होने के बाद अब यह मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया गया है।

ज्ञापन में बताया कि बीएलओ ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। सपाईयों ने मांग की है कि इस पूरी प्रक्रिया के पीछे के जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान की जाए साथ ही, झूठी जानकारी देकर फॉर्म-7 का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबू मंसूरी, कुम्भकरण यादव, अजयराज यादव, मोहम्मद शाहिद उर्फ राजू, ताहिर उद्दीन, अमित यादव, महेश कुमार यादव, नगर पालिका चरखारी चेयरमैन प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, इंद्रपाल सिंह यादव, धर्मराज सिंह लोधी, सहित तमाम सपाई शामिल रहे।

## महिला उत्पीड़न के मामले निस्तारित

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** राज्य महिला आयोग की सदस्य अनुपमा सिंह लोधी की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जहां आयोग की सदस्य ने महिला उत्पीड़न के मामलों की जनसुवाई की और महिलाओं समस्याओ के बावत जानकारी करने के बाद नौ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान महिलओं की भीड़ जुटी। जहां पर 13 पीड़ित महिलाओं ने शिकायती पत्र प्रस्तुत किये, जिसमें सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों ने 09 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए आयोग सदस्या ने सम्बंधित



विकास भवन सभागार में जनसुवाई करतीं आयोग की सदस्य। अमृत विचार

- महिला आयोग की सदस्य अनुपमा सिंह लोधी ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए। इसके बाद सदस्या ने वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम में सल्तनत परवीन उप जिलाधिकारी, हर्षवर्धन नायक जिला प्रोबेशन अधिकारी, महंत प्रजापति श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रवीन वर्मा पूर्ति निरीक्षक, निकिता शुक्ला महिला थानाध्यक्ष, सुनील डिप्टी सीएमओ, जेई रुद्र प्रताप मिश्रा, मयंक चतुर्वेदी, श्यामबाबू विश्वकर्मा, संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, सुभी संगीता राजपूत संरक्षण अधिकारी, प्रिया गुप्ता डीएमसी, क्षमा केन्द्र प्रबंधक वन स्टॉप सेन्टर, दीपक कुमार कोआर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाइन, भुजवल सिंह आउटरीच वर्कर आदि मौजूद रहे।

## पृथक बुंदेलखंड राज्य की फिर मांग उठी

### बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के अगुवा एवं अभिनेता राजा बुंदेला ने गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा में बुलंद की आवाज

- कुलपहाड़ पहुंचने पर यात्रा का किया गया जोरदार स्वागत
- कल महोबा के आल्हा चौक पर होगा यात्रा का समापन

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा की ओर से पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला के नेतृत्व में चल रही गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा सोमवार को कुलपहाड़ पहुंची, जहां नागरिकों ने यात्रा का जोरदार तरीके से स्वागत किया। यात्रा में बुंदेलखंड के तमाम लोग चल रहे हैं, जो रात होने पर नजदीक के गांव में विश्राम करते हैं। यात्रा का उद्देश्य बुंदेलखंड अलग राज्य बनाना है।




कार्यक्रम को संबोधित करते अभिनेता राजा बुंदेला। अमृत विचार

6 फरवरी को खरेला से शुरू हुई गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा के कुलपहाड़ के आरबीपीएस स्कूल में पहुंचने पर यात्रा के नायक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला कहा कि बुंदेलखंड राज्य निर्माण की लड़ाई बहुत समय से लड़ी जा रही है। आजादी के बाद 12 मार्च 1948 को बुंदेलखंड विध्य प्रदेश के नाम से राज्य बनाया गया, जिसके पहले मुख्यमंत्री कामता प्रसाद सक्सेना बने और नौगांव राजधानी बनी। बाद में इस राज्य को समाप्त कर, बुन्देलखण्ड क्षेत्र को दो भागों में विभाजित कर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बांट दिया गया।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार 7 जिले झांसी, जालौन, ललितपुर, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर व महोबा बुंदेलखंड क्षेत्र है, जबकि मध्य प्रदेश सरकार के सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी व दतिया को बुंदेलखंड क्षेत्र मानती है और केन्द्र सरकार इन दोनों प्रदेशों के 14 जिलों को बुंदेलखंड क्षेत्र मानकर पैकेज देती है। बुन्देला ने कहा कि स्व. शंकरलाल मेहरोत्रा व अन्य तमाम नेताओं ने अपना पूरा जीवन बुंदेलखंड राज्य निर्माण आंदोलन के लिए लगा दिया।

उन्होंने कहा कि यह यात्रा चरखारी, पनवाड़ी, कुलपहाड़, श्रीनगर क्षेत्र के विभिन्न गांवों, नगर और शहरों में भ्रमण करते हुए 11 फरवरी को शहर के आल्हा चौक में यात्रा का समापन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में यात्रा से जुड़ें और अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बुंदेलखंड राज्य निर्माण में भागीदारी बनें। इस मौके पर रिटायर्ड प्रवक्ता राधेलाल यादव, पूर्व प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, डॉ. आत्म प्रकाश वर्मा, ताराचन्द्र पाटकर, शिवनारायण खरे, राकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आकाश मिश्रा, प्रमोद अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

### सात नदियां, फिर भी बुंदेलखंड प्यासा

**महोबा।** सात–सात नदियां, फिर भी समूचा बुंदेलखंड प्यासा। सोने की चिड़िया कहलाने वाला यह क्षेत्र पलायन की पीड़ा समेटे अंदर से खोखला हो गया है। जब बिहारियों का बिहार है, गुजरातियों का गुजरात है, पंजाबियों का पंजाब है तो बुंदेलियों का बुंदेलखंड क्यों नहीं हो सकता? यह सवाल खड़ा किया बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने। बुंदेला ने नगर के रचनाकार राकेश कुमार अग्रवाल की नई पुस्तक 'बुंदेलखंड पलायन की पीड़ा–पृथक राज्य का बीड़ा' के विमोचन कार्यक्रम के दौरान विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब तक बुंदेलखंड अलग राज्य नहीं बन जाता, तब तक हजारों योजनाएं व पैकेज व्यर्थ हैं। उन्होंने कहा कि मुगलों के समय बुंदेलखंड था। ब्रितानी हुकूमत के समय बुंदेलखंड था, लेकिन आजादी के बाद कुचक्र रचकर सरकार ने बुंदेलखंड को विभाजित कर उसका अस्तित्व ही समाप्त कर दिया।

## पड़ोसी ने आशा कार्यकत्री के घर का रास्ता किया बंद

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिले के भटेवराकला गांव में एक आशा कार्यकत्री के मकान के सामने पड़ोसी दबंग ने झाड़ झंखाड़ आदि जबरन डलाकर मुख्य रास्ते को बंद कर दिया, जिससे पीड़िता के परिजनों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता आशा कार्यकत्री ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपकर दबंगों की शिकायत कर रास्ता खोले जाने की माग की है।

जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आशा कार्यकर्ता अशोक कुमारी ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनके पड़ोसी गयाप्रसाद और उनकी पत्नी ने लेखपाल द्वारा की गई नापजोख और पूर्व में जारी प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी की है। बताया कि उक्त लोगों ने रास्ते को झाड़-झंखाड़ और गड्ढे खोदकर पूरी तरह उसके मकान का मुख्य रास्ता बंद कर दिया है, जिससे उनका परिवार अपने ही घर बाहर आने जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता ने बताया कि आपातकालीन मामलों में उन्हें रात के अंधेरे में नाले से होकर आधा किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा को खतरा है।

रास्ते के बंद होने का असर परिवार के मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ा है। अशोक कुमारी के पति इस विवाद और कथित धमकियों के कारण मानसिक रूप से परेशान हैं और उनका इलाज झांसी में चल रहा है। परिवार को घर तक मोटरसाइकिल ले जाने और पीने के पानी के लिए सरकारी नल तक पहुंचने में भी परेशानी हो रही है।

**ग्राम पंचायत जमहिल विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट**

**निविदा सूचना**

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत जमहिल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना/मनरेगा /ओ एस आर राज्य वित्त योजना अंतर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के पांच दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी । **दिनांक** 10/2/2026 **से** 15/2/2026

| क्र.सं. | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत जमहिल में राशन घर (अन्नपूर्णा भवन) का निर्माण | 731280 | 14650 | 500 |

ग्राम प्रधान | ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत जमहिल विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

## रविदास जयंती पर खिचड़ी सहभोज

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** विश्व हिंदू महासंघ की ओर से नवीन गल्ला मंडी परिसर में संत रविदास महाराज की जयंती पर साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि विनोद जैन ने चित्र पर माल्यार्पण के बाद कहा कि संत रविदास महाराज का संपूर्ण जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए समर्पित रहा। उन्होंने समता, प्रेम, और श्रम की गरिमा का संदेश दिया। साथ ही मन चंगा तो कठौती में गंगा' के माध्यम से आंतरिक पवित्रता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संत ने समाज में व्याप्त जातिवाद का विरोध किया था और उनका मानना था कि व्यक्ति की पहचान उसके कर्मों से होती है, न कि उसकी जाति से। दीपक शुक्ला ने कहा कि संत रविदास का दर्शन सामाजिक न्याय और समानता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रविदास जी के विचार आज भी सामाजिक एकता और सद्भाव के लिए प्रासंगिक हैं। अध्यक्षता कर रहे महासंघ के जिलाध्यक्ष अनुज तिवारी ने कहा कि संत रैदास जी ने समाज को जाति पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता का मार्ग दिखाया है और हम सबको भी उसी रास्ते पर चलना चाहिए। अंत में खिचड़ी सहभोज में सभी ने एक साथ प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी विजय प्रताप सिंह, महेंद्र श्रीवास्तव, चरण सिंह, रविभान सिंह, प्रियांशु पुरवार, यश तिवारी, अक्स सिंह, राजवीर, लौकेश कुमार एवं अंकित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।




रविदास जयंती के मौके पर कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि। अमृत विचार

- संत के जीवन पर प्रकाश डाल उनके आदर्शों को अपनाने पर दिया जोर

## प्रेम और समर्पण ही मित्रता का मुख्य आधार: शास्त्री

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचार।** अजनर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य अश्वनी शास्त्री ने सुदामा चरित्र की भावपूर्ण कथा का वर्णन करते हुए सच्ची मित्रता की अनुपम मिशाल पेश की। आचार्य ने नीलगिरि पर्वत से भगवान जगन्नाथ की उतपत्ति और भगवान जगन्नाथ की महिला का संगीत मय वर्णन किया, जिसे सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। भजन-कीर्तन और भगवान के जयकारों से पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

कथाव्यास आचार्य अश्वनी शास्त्री ने कहा कि मित्रता कैसे निभाई जाए, यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से समझ सकते हैं। बताया कि सुदामा और श्रीकृष्ण की विश्व प्रसिद्ध मित्रता भागवत पुराण में वर्णित है। श्रीकृष्ण और सुदामा ने संदीपनी ऋषि के आश्रम में शिक्षा प्राप्त की, सुदामा अत्यंत निर्धन थे। इसके चलते उनकी पत्नी ने उनको सहायता के लिए अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने के लिए भेजा। द्वारका में द्वारपालों ने सुदामा को महल में नहीं जाने दिया, बाद में सुदामा के आने की खबर श्रीकृष्ण को मिली तो वह तुरंत नंगे पैर उनसे मिलने दौड़े। कहा कि जैसे श्रीकृष्ण अपने मित्र की मनोदशा को समझ गए वैसे ही हमें भी अपने मित्र को समझना चाहिए। कहा कि मित्रता में न कोई छोटा होता है और न बड़ा, बल्कि प्रेम और समर्पण ही उसका आधार होता है। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की महिमा का व्याख्यान किया, जिसे सुन श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए।

## आरोग्य मेले में 159 मरीजों की हुई जांच

**बेलाताल।** जैतपुर सीएचसी के अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत की देखरेख में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजनर, खमा एवं अकौना में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। तीनों केंद्रों पर 159 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाएं और सुझाव दिए गए।

जैतपुर पीएचसी में मरीजों की भीड़ जुटी। पंजीयन के बाद उनका चेकअप किया। अजनर में डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. वैशाली सोनी, लैब टेक्नीशियन शैलेन्द्र, आयुष्मान मित्र उमेश, स्टाफ नर्स भगवती व अरुण की उपस्थिति में 51 मरीजों की की जांच हुई। खमा में डॉ. प्रेम नारायण शर्मा, डॉ. शैलेंद्र सिंह एवं डॉ. जेपी पास्टोर के साथ स्टाफ नर्स किरण, एएनएम उमा देवी व भानकुंवर की टीम ने 53 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। अकौना आरोग्य मंदिर में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में स्वास्थ्य टीम ने 55 मरीजों का संतोषजनक चेकअप कर उपचार किया।

**जिला कार्यालय – यू0पी0कोआपरेटिव फेडरेशन लि0, जनपद– महोबा**

पत्रांक: पी0सी0एफ0 / जि0का0 / प्रा0स0 /ई–टेण्डर / 2025–26/748 दिनांक:– 09.02.26

**अल्पकालीन ई–टेण्डर–नोटिस**

पी0सी0एफ0 में रबी विपणन वर्ष 2026–27 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले गेहूं को जिलाधिकारी, महोदया द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों पर क्रीत गेंहू के हैण्डलिंग कार्य हेतु चित्रकूटधाम, मण्डल बांदा के जनपद महोबा के अनुमोदित क्रय केन्द्रों हेतु पुनः ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टिकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https/ etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी जिला प्रबन्धक पी0सी0एफ0 महोबा के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं0–8765985033 पर की जा सकती है।

जिला प्रबन्धक
पी0सी0एफ0 ,महोबा

प्रांतीय सेमिनार | जनपद के अलावा गोंडा, चित्रकूट, प्रयागराज, बलिया सहित कई जिलों के अधिवक्ताओं ने लिया भाग

## अधिवक्ताओं ने जीएसटी में विसंगतियों के मुद्दे उठाए

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** प्रांतीय कर अधिवक्ता संघ का 64वां प्रदेश स्तरीय सेमिनार में सोमवार को प्रदेश के विभिन्न कर अधिवक्ता संघों से आए वकीलों ने जीएसटी की विसंगतियों को लेकर अपनी भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि जब तक अधिकारी जीएसटी के नाम पर व्यापारियों का शोषण करते रहेंगे, व्यापार प्रगति के पथ पर आगे नहीं बढ़ सकता। कई जिलों के वकीलों ने अलग-अलग समस्याएं रखी, जिस पर प्रांतीय अध्यक्ष ने अधिकारियों के समक्ष मांगों को रखकर समाधान कराने की बात कही।

शहर के एक होटल में पहली बार प्रदेश स्तरीय कर अधिवक्ता संघ का 64वें सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रांतीय अधिवक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष आरपी यादव ने कहा कि पहली बार वीरभूमि आल्हा ऊदल की नगरी में आकर बहुत अच्छा लगा, जिले में माइनिंग का कारोबार होता है। यहां के अधिवक्ताओं ने जो समस्याएं रखी उनको दर्ज कर लिया है। प्रदेश स्तरीय अधिकारियों की बैठक में जीएसटी विसंगतियों के मुद्दे रखे जाएंगे। मुख्य अतिथि एवं भाजपा नेता सुलभ सक्सेना ने कहा कि जीएसटी एक सरलीकृत कर के योजना देश के पीएम ने लागू की, लेकिन कुछ अधिकारी इसका गलत प्रयोग कर रहे हैं, जिसके लिए शासन में मामला रखा जाएगा। व्यापारियों का शोषण नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने रॉयल्टी का पांच गुना पुराने वर्ष में एसिस्मेंट का नोटिस भेजने पर कड़ी आपत्ति की। उन्होंने कहा कि अधिकारी गण मनमानी कर रहे हैं, उस पर जल्द लगाम लगेगी, शासन में बात रखी जाएगी। व्यापारियों के हितों की रक्षक सरकार है जो किसी का शोषण उत्पीड़न जीएसटी के नाम पर नहीं होने देगी।




सेमिनार में भाग लेते विभिन्न जनपदों से आए अधिवक्ता। अमृत विचार

- बोले, जब तक जीएसटी के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न होगा, तब तक व्यापार नहीं बढ़ सकता
- प्रांतीय अध्यक्ष ने शासन स्तर पर विसंगतियों को उठाकर समाधान कराने का दिया आश्वासन

हाईकोर्ट के कर अधिवक्ता प्रांजल शुक्ला ने प्रदेश भर से आए वकीलों की जीएसटी समस्याओं को सुनकर उनका तर्क संगत विधिक जवाब दिया अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हृदेश गुप्ता ने भी विचार रखे। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 झांसी जोन डीके सचान ने कहा कि व्यापारियों की रीढ़ अधिवक्ता होते है। जो भी समस्याएं बार एवं जीएसटी अफसरों के बीच उठाई गई उनका निस्तारण प्राथमिकता से कराया जायेगा।

बैठक में गोंडा, चित्रकूट, प्रयागराज, बलिया सहित कई जिलों के अधिवक्ताओं ने भी जीएसटी की धारा 73 एवं 74 की नोटिस पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की। जिस पर संघ ने शासन से मिलकर निस्तारण का भरोसा दिया। बैठक में बीड़ी गुप्ता, प्रदीप चंद्र गुप्ता, असिस्टेंट कमिश्नर शिखा सिंह, बृजेंद्र गुप्ता, निहाल अहमद, प्रभात तिवारी, श्रीकांत पुरवार, देवेंद्र सोनी, बृजेश तिवारी, संदीप कुमार, ओपी राठौर सहित प्रदेश के सभी जिला से आये सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अकौना विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**

पत्रांक: मेमो/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक: 09.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिचाई विभाग एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत अकौना में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 17.02.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत अकौना के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 10.02.2026 से 17.02.2026 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत /सामग्री | धरोहर धनराशि 2% | निविदा का मूल्य + टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मनरेगा | जयपाल के मकान से कल्लू नाई के मकान तक सी0सी0 निर्माण | 7,37,032 लाख रू0 | 14740.64 रू0 | (500+ 90) रू0 | 06 माह |
| 02 | मनरेगा | सन्तोष के बाढ़े से दीपक के खेत तक सोलिंग निर्माण कार्य। | 8,04,349 लाख रू0 | 16086.78 रू0 | (500+ 90) रू0 | 06 माह |

**अन्य शर्ते–** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी। 3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें। 5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी। 6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अकौना,
विकास खण्ड– गोहाण्ड (हमीरपुर)

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत अकौना,
विकास खण्ड– गोहाण्ड (हमीरपुर)

## न्यूज ब्रीफ

### मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल को

**चित्रकूट।** एसआईआर के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल को होगा। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने दी। बताया कि दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि छह मार्च तक, इनका निस्तारण 27 मार्च तक किया जाएगा।

### आवासीय सुविधा के लिए 20 तक करें आवेदन

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी ने बताया कि राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास मऊ में आवासीय सुविधा के संबंध में प्रवेश प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात अभी 18 छात्रों के लिए सीटें रिक्त हैं। इसमें 14 सीटें अनुसूचित जाति/जनजाति एवं चार सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग / सामान्य वर्ग की हैं। आवास के लिए इच्छुक छात्र वेबसाइट पर आवेदन कर हार्ड कापी संबंधित प्रधानाचार्य से प्रमाणित कराकर कार्यालय में 20फरवरी तक किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते हैं।

### 12 फरवरी को लगेगा रोजगार मेला

**चित्रकूट।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि 12 फरवरी को गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोजगार मेला लगेगा। इसमें विभिन्न कंपनियां आएंगी। इनके पदों के लिए आईटीआई होना आवश्यक है। अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर मेले से पूर्व की तिथि पर पंजीकृत होना चाहिए।

### नौ मार्च को बांदा में लगेगी पेंशन अदालत

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि मंडलायुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में नौ मार्च पूर्वाह्न 11 बजे से बांदा में मंडलीय पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें मंडल के सभी जिलों के पेंशनरों के लंबित वादों का निस्तारण किया जाएगा। वाद पत्र/प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप में तीन प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूटधाम मंडल, बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 16 फरवरी तक प्राप्त कराए जा सकते हैं। उन्होंने एक प्रति संबंधित कार्यालयाध्यक्ष को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराकर प्राप्ति रसीद प्राप्त करने को कहा। बताया कि न्यायालय में विचाराधीन प्रत्यावेदनों पर पेंशन अदालत में कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### नि:शुल्क कोचिंग के लिए चुने जाएंगे विशेषज्ञ

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. वैभव त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत मऊ, मानिकपुर एवं राजापुर में नीट की नि:शुल्क कोचिंग में अध्यापन करने के लिए अनुभवी एवं कुशल विषय विशेषज्ञों का चयन साक्षात्कार / ट्रायल लेक्चर से किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या-8005312789 पर संपर्क किया जा सकता है।

### भागवत कथा के पूर्व निकाली गई कलशयात्रा

**मऊ (चित्रकूट)।** अटलनगर में श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। सोमवार को कलश यात्रा बाजार, मां आनंदी मंदिर, बरम बाबा स्थान होते हुए यमुना नदी किनारे गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा के बाद कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कथावाचक पं. वंशी नंदन राधे शुक्ल हैं। उन्होंने वहां पर मौजूद लोगों को अधिक से अधिक संखा मे भागवत कथा सुनने के लिये आने की बात कही है।

# परेशान किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया प्रदर्शन

## जिलाधिकारी ने बैठक कर समस्याओं के निदान का दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को ज्ञापन देते किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामलाल राही की अगुवाई में कार्यकर्ताओं और किसानों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया। बाद में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को ज्ञापन सौंपा। डीएम ने इनके साथ बैठक की और समस्याओं के निदान का भरोसा दिया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसान और अन्य लोग बंदरों एवं वनरोजों के आतंक से परेशान हैं। बुंदेलखंड दलहन तिलहन का क्षेत्र हुआ करता था। आज तिलहन खत्म होती जा रही है, जिसका सबसे बड़ा कारण बंदर एवं वनरोज हैं। चना, अरहर, गेहूं के साथ सब्जियों की खेती भी नष्ट हो रही है। घरों में बच्चों-महिलाओं का रहना मुश्किल हो गया है। बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि गौशालाओं से मवेशियों को न छोड़ा जाए। धरना में फसल बीमा, ओला अतिवृष्टि से परेशान किसानों को मुआवजा, देहरुछ विद्युत उपकेंद्र गनीवां के मुद्दे छाए रहे। डीएम को ज्ञापन देकर किसानों ने समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग की। बाद में जिलाधिकारी ने बैठक में संबंधित समस्याओं का निदान दिलाए जाने की बात कही। बंदरों, वनरोजों से बचाव के लिए एक बड़ी कार्ययोजना बनाने और शासन से पत्राचार करने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी के आश्वासन पर किसानों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष छेदीलाल सिंह, ओमनारायण गर्ग, युवा विंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, महामंत्री सिद्धार्थ विक्रम सिंह, जिला महामंत्री अरुण कुमार पांडेय, शिवदयाल सिंह बघेल, नीलकंठ द्विवेदी, सदर तहसील अध्यक्ष डुप्ले पटेल, अश्विनी कुमार, राजा पटेल, नरेश तिवारी, विनय त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह, बबलू श्रीवास, घनश्याम पाल, श्रीराम कुशवाहा, तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, ब्लाक अध्यक्ष अजय सिंह, अनिल सिंह, संदीप पटेल, मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## पात्र व्यक्तियों को किया जायेगा लाभांवित

**चित्रकूट।** जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष शेषमणि शुक्ला के मार्गदर्शन में सोमवार को वृहद विधिक सहायता सेवा शिविर के संबंध में महिला एवं बाल विकास, युवा कल्याण संरक्षण, दिव्यांगजन कल्याण से संबंधित समिति की बैठक हुई। इसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष सब कमेटी-5, मेगा/ वृहद विधिक सहायता सेवा शिविर राजेंद्र प्रसाद भारती ने बताया कि शिविर में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभांन्वित किया जाएगा।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने समिति के सदस्यों को बताया कि 22 फरवरी को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रशासनिक विभागों से समन्वय स्थापित कर प्रदेश शासन के सभी विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभांन्वित किया जायेगा। बैठक में समिति के सदस्यों को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक से अधिक प्री- कैम्प आयोजित करते हुये आम जनमानस को लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में इला चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समेत तमाम लोग रहे।



नगर पंचायत का मुआयना करते एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल यादव। अमृत विचार

# परिसर में खड़े वाहनों को अन्यंत्र किया जाए शिफ्ट

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

- एडीएम नमामि गंगे ने किया नगर पंचायत का मुआयना

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल यादव ने सोमवार को नगर पंचायत का निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में खड़े वाहनों को अन्यंत्र शिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद एडीएम ने बताया कि अभिलेख सही पाए गए। उनकी सुरक्षा के लिए क्लर्कों को निर्देश जारी किए गए हैं। नगर पंचायत में बने रैन बसेरा में यात्रियों के रुकने के लिए उत्तम व्यवस्था के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया। बताया कि यहां 771 गोवंश संरक्षित हैं। इनके संरक्षण और पोषण के लिए अधिशासी अधिकारी फूलचंद यादव को व्यवस्था के निर्देश जारी किए गए हैं। एमआरएफ केंद्र के निरीक्षण के दौरान डोर टू डोर कलेक्शन से सूखे व गीले कूड़े की छंटनी कराकर कंपोस्टिंग वेस्ट खाद टेस्टिंग के लिए लैब भेजकर उसे मानक के अनुरूप विक्रय कर नगर पंचायत की आय बढ़ाने के साथ डिस्पोजल वेस्ट मैटेरियल को बचाने के लिए निर्देशित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा व अधिशासी अधिकारी ने बताया कि 19 फरवरी को अपर आयुक्त का निरीक्षण प्रस्तावित है, जिसकी तैयारियां की जा रही हैं। वार्डों में गृह कर वसूली के साथ सफाई, विद्युत, पेयजल शौचालय के संबंध में निर्देश दिए गए हैं।

# हादसा : श्रमिक के घर में आग लगने से गृहस्थी राख

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट



धूधूकर जलता श्रमिक का घर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रामनगर में सोमवार सुबह एक श्रमिक के कच्चे घर में आग लग गई। घटना के समय वह खेत में काम करने गया था और परिवार का कोई सदस्य घर में मौजूद नहीं था। इससे जनहानि नहीं हुई।

सोमवार सुबह गांव निवासी ब्रजमोहन और रामकन्या के कच्चे घर में लगभग दस बजे लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टी, पानी व अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन कच्चा घर होने से आग तेजी से फैलती चली गई। ग्रामीणों का कहना है कि घटना की सूचना प्रशासन और फायर ब्रिगेड को देने की कोशिश की गई लेकिन उस समय फोन नहीं लग पाया। इससे टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक मजदूर का पूरा घर जलकर राख हो चुका था। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना के बाद परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। मौके पर पहुँचें क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकुर चौधरी ने हल्का लेखपाल संगम पाल से बातचीत की। लेखपाल ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया ।

## मातृत्व वंदना के तहत लगा जागरूकता शिविर

**रामनगर (चित्रकूट)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को योजना से जोड़ते हुए उन्हें सुरक्षित मातृत्व, स्वास्थ्य जांच और पोषण से संबंधित लाभ देना था।

इस दौरान चिकित्सकों ने गर्भावस्था में स्वास्थ्य जांच, समय पर टीकाकरण, संतुलित पोषण आहार और प्रसव-पूर्व देखभाल का महत्व बताया। स्वास्थ्य कर्मियों ने नियमित जांच, आयरन व कैल्शियम टैबलेट के सेवन, संस्थागत प्रसव, नवजात शिशु की देखभाल, स्तनपान एवं टीकाकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता जालौन



छात्रों के साथ मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गणित प्रतियोगिता में एमएल कांवेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच और रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। छात्रों को डीआईओएस राजकुमार पंडित और जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक विनय गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया।

नगर के छत्रसाल इंटर कॉलेज में आयोजित गणित विषयक प्रतियोगिता एवं गणित मॉडल प्रतियोगिता में सेंट एल. कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने सहभागिता की। गणित मॉडल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न गणितीय सिद्धांतों पर आधारित आकर्षक एवं शिक्षाप्रद मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉडलों के माध्यम से छात्रों ने गणित की जटिल अवधारणाओं को सरल रूप में समझाने का सफल प्रयास किया, जिसकी निर्णायक मंडल द्वारा प्रशंसा की गई। गणित विषयक लिखित प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने गणितीय सूत्रों, परिभाषाओं और जटिल समस्याओं को सरल व सटीक तरीके से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नौ की छात्रा सौम्या गुप्ता व शिवम यादव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अविरल त्रिवेदी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक गौरव गुप्ता एवं प्रधानाचार्य श्यामानंद त्रिपाठी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को मंच प्रदान करती हैं और उनके आत्मविश्वास को सशक्त बनाती हैं। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता एवं प्रतिभागी छात्रों को डीआईओएस राजकुमार पंडित और जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक विनय गुप्ता एवं एसडीएम हेमंत पटेल द्वारा सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# समेकित प्रयास से होगा बालश्रम का उन्मूलन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** दिसंबर तक जिले को बाल श्रम मुक्त करने की मंशा से सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल की अध्यक्षता में बालश्रम उन्मूलन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसके पूर्व बालश्रम के खिलाफ जागरूकता वाहन को सीडीओ के साथ अन्य लोगों ने हरी झंडी दिखाई। सीडीओ ने निर्देश दिए कि चिह्नित बालश्रम बाहुल्य क्षेत्रों में पूर्ण मनोयोग से निर्धारित समयावधि में सर्वे करें। बाल श्रमिकों के माता-पिता को भी जागरूक करें। बाल श्रमिकों/ किशोरों के संबंध में विवरण एकत्रित कर एक निश्चित प्रारूप में दर्ज किया जाए कि उनके माता-पिता को पात्रता के अनुसार विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ दिया जा सके। प्रत्येक गांव को चाइल्ड फ्रेंडिली विलेज घोषित कराए जाने के संबंध में जिला पंचायती राज अधिकारी का सकिय सहयोग लिया जाए। सचिवों / पंचायत सहायकों को नोडल अधिकारी बनाकर बैठक में बालश्रम उन्मूलन पर चर्चा की जाए। स्टेट रिसोर्स पर्सन रिजवान ने कानूनों की जानकारी दी। कार्यक्रम समन्वयक अमरेंद्र कुमार ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों में बोर्ड और पंफलेट लगाने की बात कही।

# सुपर ओवर में जीती डायमंड क्रिकेट औरैया

कार्यालय संवाददाता जालौन




खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आज जालौन प्रीमियर लीग सीजन तीन क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा मैच अलजीरिया क्लब दिल्ली और डायमंड क्रिकेट एकेडमी औरैया के मध्य शुरू हुआ।

औरैया की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अलजीरिया क्लब दिल्ली की शुरुआत शानदार रही। पहले विकेट की साझेदारी 45 की रही। टीम के ओपनर सतेंद्र सिंह ने 50 गेंदों में 6 चौकों और 6 छक्कों की मदद से शानदार 91 रन बनाये। एक समय अलजीरिया क्लब के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी देखते हुए 15 वें ओवर तक टीम का स्कोर 155 रन था। लेकिन औरैया टीम के ऑलराउंडर हिमांशु पाठक ने शानदार गेंदबाजी करते हुए टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक लगाई और टीम को 198 पर समेट दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी औरैया की टीम की भी शुरुआत शानदार रही। टीम ने बिना कोई विकेट खोये 7 ओवर में 75 रन बना लिए और आखिरी गेंद तक मैच पहुंचा। 20 वें ओवर की अंतिम गेंद पर मैच 198 रन बनाकर औरैया की टीम ने मैच टाई करा लिया। सुपर ओवर में औरैया की टीम ने 1 विकेट खोकर 19 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी अलजीरिया क्लब दिल्ली की टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और इस मैच की विजेता औरैया की टीम बनी। हैट्रिक लेने वाले हिमांशु पाठक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# नए सिरे से सर्वे कराकर भवनों से करें कर वसूली

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने सोमवार को नगरपालिका परिषद का निरीक्षण किया। उन्होंने कर निरीक्षक राहुल पांडेय को सर्वे कराकर भवनों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कर वसूली के निर्देश दिए।

एडीएम ने अधिशासी अभियंता शुभम तिवारी को अभिलेख सुव्यवस्थित रखने को कहा। आगामी राष्ट्रीय रामायण मेले में लगाए जाने वाले झूलों की संख्या, दर एवं ठेकों से संबंधित कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। कर निरीक्षक को वार्डवार जनसंख्या विवरण उपलब्ध कराने, प्रत्येक वार्ड में प्रतिदिन वसूली के लिए शिविर लगाए जाने को निर्देशित किया। उन्होंने प्रत्येक माह आडिट संबंधी अनुपालन रिपोर्ट भेजने तथा छह माह के भीतर आपत्तियों का निस्तारण करने, पालिका संपत्तियों का रजिस्टर बनाने, सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालय सुचारु रूप से संचालित कराने के निर्देश दिए। कमियों को सुधारने, अंत्येष्टि स्थलों का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित मामलों की जांच जल्द पूरी की जाए।

**ग्रामोदय महोत्सव** | महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि . में पांच दिवसीय ग्रामोदय महोत्सव का दूसरा दिन

# बौद्धिक व खेल प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पांचदिवसीय ग्रामोदय महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को भी विश्वविद्यालय परिसर उत्साह, ऊर्जा और रचनात्मकता से सराबोर दिखा। बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का बहुमुखी प्रदर्शन किया।

महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों की अंतर्निहित प्रतिभा की पहचान कर उन्हें उपयुक्त मंच प्रदान करना है। खेल मैदान में आयोजित बैडमिंटन की अंतरसंकायी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कृषि संकाय एवं अभियांत्रिकी संकाय के बीच हुआ। डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बैडमिंटन प्रतियोगिता में मनीषा द्विवेदी विजेता जबकि शीतला चौहान उपविजेता रहीं। दूसरे दिन एथलेटिक्स और कबड्डी प्रतियोगिता भी हुईं। विवेकानंद सभागार में आयोजित एकल एवं समूह गायन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसका संयोजन डॉ. विवेक फड़नीस ने किया। प्रस्तुतियों में देशभक्ति, लोकसंस्कृति एवं शास्त्रीय संगीत की सुंदर झलक दिखी। ग्रामोदय महोत्सव के मुख्य संयोजक प्रो. नंद लाल मिश्रा ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के उत्साह, समर्पण एवं रचनात्मक सहभागिता की सराहना की तथा संयोजकों, निर्णायकों एवं सहयोगी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ग्रामोदय से राष्ट्रोदय पर लिखा निबंध

- कला भवन में ग्रामोदय से राष्ट्रोदय विषय पर निबंध प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इन प्रतियोगिताओं का संयोजन प्रो. ललित कुमार सिंह ने किया।

## निखिल ने किया यूजीसी नेट उत्तीर्ण

**मऊ (चित्रकूट)।** कस्बा निवासी निखिल सिंह ने यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (यूजीसी नेट) पास की है। निखिल ने यह परीक्षा अंग्रेजी विषय में 91 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। निखिल ने स्नातक की पढ़ाई मेरठ विश्वविद्यालय से तथा स्नातकोत्तर की पढ़ाई इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूर्ण की। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। आराधना सिंह और अनुज सिंह के पुत्र निखिल की इस उपलब्धि पर महामति प्राणनाथ डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ. संतोष चतुर्वेदी



निखिल सिंह।



विराट हिन्दू सम्मेल में बोलते वक्ता। अमृत विचार

# राष्ट्रहित में एकजुट रहें हिन्दू

संवाददाता,कालपी-जालौन

**अमृत विचार।** सोमवार को महेवा में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ इस दौरान वक्ताओं ने लोगों से राष्ट्र हित में एकजुट रहने की अपील की।

भूपेंद्र सिंह जिला कार्यवाह ने भारत के गौरवशाली इतिहास का वर्णन करते हुए कहा कि हमें इतिहास से सीख लेनी होगी। क्योंकि हम जब भी बंटे है तभी गुलाम हुए हैं । इसलिये अब हमें एकजुट रहना होगा, जिससे फिर से पुरातन इतिहास न दोहराया जा सके। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद ब्रह्म नन्द खरे ने सामाजिक समरसता, तथा पर्यावरण संरक्षण पर विचार व्यक्त कर लोगों से आपस मे शान्ति सदभाव और भाईचारा बनाये रखने को कहा। इस मौके पर विनीता पाण्डेय अर्चना देवी, विमल, त्रिभुवन सिंह, पृथ्वी राज सिंह, बलवीर सिंह, राजकुमार सिंह, हरिहर सिंह, इन्द्रपाल सिंह, संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य आनंद राज त्रिपाठी, रजत द्विवेदी, अजय राज त्रिपाठी रहे।

## दहेज प्रताड़ना के आरोपी को दबोचा

**चित्रकूट।** क्राइम ब्रांच टीम ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसने फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी भी की थी।

बांदा निवासी पूनम साहू ने पति रामबाबू व ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, आग जलाकर जान से मारने की कोशिश करने, मारपीट व पति द्वारा फेसबुक पोस्ट पर अभद्र शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने पर कोर्ट की शरण ली थी। कोर्ट के आदेश पर पति रामबाबू, ससुर श्यामलाल, जेठ मोहनलाल, जेठानी सारिका निवासीगण अतर्रा पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रविवार को क्राइम ब्रांच टीम ने मुखबिर की सूचना पर रामबाबू को गिरफ्तार किया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय, राकेश मौर्य, मुख्य आरक्षी साकिर हुसैन, आरक्षी कुलदीप द्विवेदी और बृजेश सिंह रहे।

